• जयपुर, शनिवार 11 अप्रैल 26 • वर्ष 15 • अंक 167 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 पात्रों को योजनाओं से जोड़ते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश, दिशा ...
पेज @4 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) - 2026' के कर्टेन रेज़र एवं...
पेज @8 वनतारा ने वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी साइंस के लिए दुनिया की पहली...

## मथुरा के वृंदावन में बड़ा हादसा: 30 श्रद्धालुओं से भरी नाव पुल से टकराकर यमुना नदी में पलटी, 10 लोगों की मौत, कई अब भी लापता, मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख

**मथुरा/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के वृंदावन में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। केसी घाट पर श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। गोताखोर यमुना के गहरे पानी में डूबे हुए लोगों की तलाश में जुटे हैं।

इस दुर्घटना में नाव सवार करीब 25 से 30 श्रद्धालु यमुना के पानी में डूब गए। पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुखद रूप से, इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने इसकी पुष्टि की है। वहीं बाकियों की तलाश जारी है।



सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बिना देर किए बचाव अभियान शुरू कर दिया।

दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आ रही है। प्रशासन ने लोगों से शांत रहने और बचाव दल का सहयोग करने की अपील की है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि 150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब और मुक्तेश्वर से आया है और ये सभी उनमें ही शामिल थे। बताया गया है जिस नाव में लोग सवार थे वो भी पलट कर डूब गई है और उसकी तलाश भी जारी है। जिसकी यह नाव है वो प्राइवेट नाविक था।

हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, जनपद मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्य संचालित करने और घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।


## पश्चिम बंगाल में यूसीसी लागू होगा, अमित शाह ने जारी किया बीजेपी का संकल्प पत्र

**कोलकाता/एजेंसी।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले आज कोलकाता में भाजपा का घोषणापत्र (संकल्प पत्र) जारी किया. उन्होंने कहा कि, संकल्प पत्र विकसित बंगाल का रोडमैप है. इस दौरान शाह ने कहा कि, बंगाल की जनता परिवर्तन चाहती है.

उन्होंने कहा कि, बंगाल की जनता उन्हें पांच साल के लिए सरकार बनाने का मौका जरूर देगी. उन्होंने दोहराया कि, पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर यहां की धरती से घुसपैठियों को खदेड़ा जाएगा और देश और राज्य को सुरक्षित किया जाएगा.

शाह ने कहा कि, कई बीजेपी शासित राज्यों में यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू हो चुका है. उन्होंने कहा, बीजेपी 6 महीने के अंदर बंगाल में भी यूसीसी लागू कर देगी, ताकि बंगाल में हर नागरिक के लिए एक कानून हो.



उन्होंने कहा कि, बंगाल में सोनार बांग्ला का निर्माण होगा. शाह ने कहा कि, सभी सरकारी कर्मचारियों और सैलरी पाने वाले कर्मचारियों को डीए पक्का किया जाएगा, और नई बीजेपी सरकार में हर कर्मचारी की इज्जत बनाए रखने के लिए 45 दिनों के अंदर 7वां वेतन आयोग लागू किया जाएगा.

संकल्प पत्र में किसानों को राहत देने की बात भी है. इस पर शाह ने कहा, हम एक स्कीम लाएंगे ताकि धान, आलू और आम उगाने वाले किसानों को उनकी फसल का सही दाम मिले. बंगाल में भाजपा सरकार हर किसान का 100 फीसदी धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदेगी, ताकि किसानों को अपनी फसल कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर न होना पड़े. शाह ने कहा कि, बंगाल में भाजपा की सरकार आने पर पीएम किसान सम्मान निधि में राज्य से 3,000 रुपये और जोड़ें जाएंगे और किसानों को सालाना 9,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी.

शाह ने कहा कि, मिडिल क्लास, लोअर मिडिल क्लास और गरीब तबके की महिलाओं की हालत बहुत मुश्किल है. जब तक यह कमी पूरी नहीं हो जाती, भाजपा हर महीने 1 से 5 तारीख के बीच हर महिला के बैंक अकाउंट में 3000 रुपये ट्रांसफर करेगी. इसके साथ ही, भाजपा सरकार पुलिस फोर्स के साथ-साथ राज्य की सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देगी. शाह ने कहा, 75 लाख लखपति दीदी बनाकर हम महिलाओं को आर्थिक तौर पर मजबूत करेंगे. हर मंडल में कम से कम एक महिला पुलिस स्टेशन होगा, और हर पुलिस स्टेशन में एक हेल्प डेस्क बनाया जाएगा.

अमित शाह ने कहा कि, आयुष्मान भारत समेत भारत सरकार की सभी स्कीमों को पूरी तरह और जवाबदेही के साथ लागू किया जाएगा. शाह ने कहा, हम पीएम मोदी के गरीबों की भलाई के मिशन को बंगाल में भी लाएंगे, जैसा कि पूरे देश में किया जा रहा है. अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि, हमने लोगों के सामने अपनी चार्जशीट भी पेश की. उस चार्जशीट ने ममता बनर्जी के 15 साल के राज में बंगाल को मिली गहरी निराशा को सामने ला दिया. उन्होंने कहा कि, भाजपा का संकल्प पत्र इस बात का रोडमैप है कि बीजेपी कैसे एक मजबूत सरकार बनाएगी.

उन्होंने कहा कि, कम्युनिस्ट सरकार से छुटकारा पाने के लिए बंगाल ने ममता बनर्जी को चुना. उन्होंने कहा कि पांच साल काफी नहीं हैं और उन्हें एक और मौका दिया गया. लेकिन सिंडिकेट, गुंडाराज और घुसपैठियों के साथ, उन्होंने तीसरा टर्म भी पक्का कर लिया.

शाह ने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा, आज, वही नागरिक जो कभी ममता जी का साथ देते थे, डरे हुए और निराश महसूस कर रहे हैं, और अब बदलाव चाहते हैं. पिछले 10 सालों में, हमने खुद को एक मजबूत विपक्ष के तौर पर स्थापित किया है.

### न्यूज़ अपडेट

### बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की

**नई दिल्ली/एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की । इस मौके पर उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन,जेपी नड्डा,निर्मला सीतारमण समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद, नीतीश कुमार ने 30 मार्च को बिहार विधान परिषद (एमएलसी) से इस्तीफा दे दिया था।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपा

**नई दिल्ली/एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफ़ा सौंप दिया है। इससे पहले, उनके आवास पर कथित तौर पर कैश मिलने को लेकर हुए विवाद के बाद, उनका दिल्ली हाई कोर्ट से वापस इलाहाबाद तबादला कर दिया गया था। उन्होंने 5 अप्रैल, 2025 को शपथ ली थी और फ़िलहाल उनके ख़िलाफ़ आरोपों के संबंध में एक आंतरिक जांच चल रही है, जिसके चलते उन्हें संसद द्वारा पद से हटाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने की भी संभावना है।

### एनएच-30 पर दो कारों में जबरदस्त भिड़ंत; एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

**नई दिल्ली/एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।

## सीडीएस जनरल अनिल चौहान बोले-ऑपरेशन तिरंगा से एक होंगी सेना की तीनों शाखाएं

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

भारत अपनी रक्षा रणनीति में बड़े बदलाव करने की तैयारी में है और इसे ऑपरेशन तिरंगा नाम दिया गया है। यह थिएटर कमांड्स पर चल रही चर्चा और रिपोर्ट का नाम है, जिसके तहत सेना की तीनों शाखाओं–थल सेना, नौसेना और वायु सेना–को एक ही रीजनल कमांड के दायरे में लाया जाएगा।



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने बताया है कि इस पर चर्चा करीब-करीब पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना जल्द ही सरकार के शीर्ष नेतृत्व के पास मंजूरी के लिए भेजी जाएगी।


तीन नए थिएटर कमांड बनने वाले हैं। इनमें से एक पाकिस्तान सीमा पर केंद्रित होगा (जयपुर), दूसरा चीन के लिए (लखनऊ) और तीसरा समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा के लिए (तिरुवनंतपुरम) होगा। इन तीनों कमांड्स की कमान अपनी-अपनी सेवा, यानी थल सेना, नौसेना या वायु सेना के अनुभवी अधिकारियों के हाथ में होगी। इसका मुख्य मकसद है कि फैसले तेजी से लिए जा सकें, तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल बन सके और खतरों का जवाब देने में कोई देरी न हो। अगर इस योजना को मंजूरी मिलती है, तो ऑपरेशंस और भी सुचारु हो जाएंगे। साथ ही, सेनाओं के बीच आपसी खींचतान भी कम होगी।

## हरिवंश को रिटायरमेंट के दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने दिया बड़ा गिफ्ट, तीसरा कार्यकाल पक्का

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का आज शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 को सदन के सदस्य के तौर पर कार्यकाल समाप्त हो रहा है. संसद के उच्च सदन की खाली हो रही सीटों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है. बता दें, जेडीयू नेता हरिवंश नारायण सिंह को इस बार पार्टी ने राज्यसभा नहीं भेजा है. इस वजह से उनकी सदन से विदाई तय मानी जा रही थी, लेकिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनको कार्यकाल के अंतिम दिन बड़ा गिफ्ट दिया है.

जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू ने हरिवंश को अपने कोटे से राज्यसभा सांसद के तौर पर मनोनीत किया है. इसको लेकर नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है. राष्ट्रपति कोटे के मनोनयन के बाद उनकी राज्यसभा से विदाई टल गई है. इसका मतलब कि अगले छह सालों तक वे सदन में दिखाई देंगे. बता दें, हरिवंश नारायण सिंह का यह राज्यसभा में तीसरा कार्यकाल होगा. बता दें, देश के पूर्व चीफ जस्टिस रंजन गोगोई के रिटायरमेंट के बाद खाली हुई सीट पर उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया गया है.



## ईरान ने अमेरिका से बातचीत से इनकार किया, कहा- लेबनान में हमले रुकने तक समझौता नहीं

**तेहरान/एजेंसी।**

पाकिस्तान के इस्लामाबाद में कल होने जा रही अमेरिका और ईरान की शांति वार्ता को लेकर संशय की स्थिति है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ईरान ने बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया है। ईरान का कहना है कि जब तक लेबनान में युद्धविराम लागू नहीं किया जाता, वो कोई भी समझौता नहीं करेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, जब तक अमेरिका लेबनान युद्धविराम पर अपनी प्रतिबद्धता पूरी नहीं करता, तब तक बातचीत निलंबित रहेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता तब तक के लिए स्थगित कर दी गई है, जब तक वाशिंगटन इजरायल और लेबनान के बीच युद्धविराम सुनिश्चित नहीं कर देता। वहीं,

रिपोर्ट के अनुसार, जब तक लेबनान में युद्धविराम नहीं हो जाता, ईरान

### ईरान-अमेरिका शांति वार्ता से पहले इस्लामाबाद में लॉकडाउन जैसे हालात, स्कूल-बाजार बंद

**इस्लामाबाद/एजेंसी।**

ईरान और अमेरिका के बीच कल यानी 11 अप्रैल से पाकिस्तान के इस्लामाबाद में शांति वार्ता होगी। इसके लिए अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल आज इस्लामाबाद पहुंचेगा। वार्ता से पहले पूरे इस्लामाबाद को छावनी में बदल दिया गया है। स्कूल और बाजार बंद हैं और शहर में 2 दिन के लिए सरकारी छुट्टी घोषित की गई है। इस्लामाबाद में जहां राष्ट्रपति आवास, प्रधानमंत्री आवास, संसद और अन्य देशों के दूतावास हैं, उस पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। इस्लामाबाद में लगभग देश की सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों की तैनाती की गई है। प्रतिनिधिमंडल के आने-जाने, रुकने और बैठक के दौरान ब्लू बुक के तहत वीवीआईपी प्रोटोकॉल लागू किया गया है। संसद, प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठान, होटल, दूतावास और विदेशी संगठनों के कार्यालयों पर आम नागरिकों के वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। जिस आलीशान होटल सेरेना में बैठक होगी, उसे सुरक्षाबलों ने अपने कब्जे में ले लिया है।



### मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई ने केन्या की लेडी स्मगलर्स को दबोचा, 37 करोड़ का सोना बरामद

**नई दिल्ली/एजेंसी।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बड़े सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 24 महिलाओं को राजस्व खुफिया निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार इनके पास से 29.37 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 37.74 करोड़ रुपये है।

डीआरआई के अधिकारियों ने बताया, गुप्त सूचना मिली थी कि केन्या के नैरोबी से आने वाली कुछ महिलाएं अपने साथ सोना छिपाकर ला रही हैं। इसके बाद नैरोबी से मुंबई पहुंची 24 विदेशी महिलाओं को रोका गया। जब उनकी जांच की गई तो, इस दौरान बैग और कपड़ों से 25.10 किलोग्राम सोने की ईंटें और 4.27 किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नीतीश कुमार को राज्यसभा सांसद बनने पर बधाई दी

**नईदिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रमुख नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य की शपथ लेने पर बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर नीतीश कुमार को देश के अनुभवी नेताओं में से एक बताया और कहा कि उनके सुशासन को लेकर प्रतिबद्धता की हर तरफ तारीफ हुई है। मोदी ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह को भी कार्यकाल समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाने पर बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, नीतीश कुमार जी देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं। सुशासन को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की हर तरफ सराहना हुई है। उन्होंने बिहार के विकास में अमिट योगदान दिया है। उन्हें एक बार फिर संसद में देखना बहुत सुखद होगा। सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव से संसद की गरिमा और बढ़ेगी।

# भारत के अंतिम छोर पर स्थित स्वास्थ्य एवं कल्याण इकोसिस्टम को मजबूत बनाना

**प्रतापराव जाधव**

अब जबकि भारत सभी के लिए न्यायसंगत, समावेशी और समग्र स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हमें एक मौलिक प्रश्न पूछना होगाः हम अंतिम गांव के अंतिम व्यक्ति तक सही समय पर गुणवत्तापूर्ण देखभाल पहुंचना कैसे सुनिश्चित करें?

इसका जवाब केवल बुनियादी ढांचे के विस्तार या उन्नत प्रौद्योगिकियों के उपयोग में ही नहीं, बल्कि उन प्रणालियों को मजबूत करने में भी निहित है जो स्वाभाविक रूप से सुलभ, सस्ती और समुदायों के भरोसे पर खरे उतरते हों। इस संदर्भ में, होम्योपैथी भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के साथ-साथ एक मौन लेकिन शक्तिशाली ताकत के रूप में उभर रही है और जमीनी स्तर पर समग्र स्वास्थ्य से जुड़े बुनियादी ढांचे को बदल रही है।

हम यह दिखाई दे रहा है कि होम्योपैथी कैसे जनजातीय क्षेत्रों, ग्रामीण इलाकों और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी वाले शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की आपूर्ति से जुड़ी महत्वपूर्ण कमियों को दूर कर रही है। इसके प्रभाव का पता केवल व्यापकता से ही नहीं, बल्कि सबसे अधिक जरूरत वाले स्थानों - यानी अंतिम छोर - तक पहुंचने की क्षमता से भी चल रहा है।

अब जबकि हर वर्ष 10 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'विश्व होम्योपैथी दिवस' करीब है, यह इस बात पर विचार करने का एक सही मौका है कि यह प्रणाली केवल व्यक्तिगत कल्याण ही नहीं बल्कि समग्र कल्याण का एक ऐसा मॉडल बनाने में भी योगदान दे रही है जो किफायती, पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक रूप से समावेशी हो। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस की थीम सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी है।

18वीं शताब्दी में सैमुअल हैनिमैन द्वारा विकसित और 19वीं शताब्दी में भारत लाई गई, होम्योपैथी सिमिलिया सिमिलिबस क्यूरेंचर यानी समान से समान का उपचार के सिद्धांत पर आधारित है। दशकों से एक समग्र और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए, यह भारत की बहुआयामी स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गई है।

जमीनी स्तर पर होम्योपैथी की सबसे बड़ी खूबी इसकी निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने की क्षमता है। कई पिछड़े इलाकों में स्वास्थ्य सेवा टुकड़ों में बिखरी हुई नहीं होती, बल्कि निरंतर और रिश्तों से सचालित होती है। होम्योपैथी का व्यक्ति-केन्द्रित उपचार का दृष्टिकोण,



खासतौर पर पुरानी बीमारियों, बार-बार होने वाले संक्रमणों और जीवनशैली संबंधी विकारों के प्रबंधन के क्रम में चिकित्सक और रोगी के बीच दीर्घकालिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है। यह निरंतरता उपचार के प्रति रोगी के समर्पण और समग्र स्वास्थ्य से जुड़े नतीजों में उल्लेखनीय सुधार करती है।

आज भारत में 290 से अधिक होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हैं। साथ ही, देशभर में चिकित्सकों का एक विशाल नेटवर्क भी उपलब्ध है। फिर भी, होम्योपैथी के असली प्रभावों को संस्थानों में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर - झारखंड के जनजातीय जिलों, छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में और हिमाचल प्रदेश की दूरदराज की बस्तियों में - बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। वहां एक अकेला चिकित्सक भी सामुदायिक स्वास्थ्य से जुड़े नतीजों में बदलाव ला सकता है। होम्योपैथी की प्रमुख खूबियों में से एक इसकी सरलता भी है। दवाइयां किफायती होती हैं, इन्हें लाना-ले जाना आसान होता है और इनके भंडारण के लिए किसी जटिल भंडारण संरचना की जरूरत ही नहीं होती है। कमजोर आपूर्ति श्रृंखलाओं और सीमित स्वास्थ्य सेवा कर्मियों वाले इलाकों में, होम्योपैथी की ये विशेषताएं अनमोल हो जाती हैं।

जनजातीय समुदायों, जो हमारी आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और अक्सर बीमारियों का बेमेल बोझ झेलते हैं, के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सांस्कृतिक रूप से भी अनुकूल होना चाहिए। होम्योपैथी का सौम्य और गैर-आक्रामक रवैया पारंपरिक उपचार पद्धतियों के अनुरूप है, जिससे यह अपेक्षाकृत अधिक स्वीकार्य और सुलभ हो जाता है।

इसी क्षमता को पहचानते हुए, भारत सरकार ने होम्योपैथी को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवाओं साथ जोडने के लिए कई कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत, 12,500 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) स्थापित किए गए हैं, जो सामुदायिक स्तर पर होम्योपैथी सहित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि होम्योपैथी भारत में गैर-संक्रामक रोगों से निपटने में भी योगदान दे रही है। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) ने मधुमेह, हृदय रोग और अन्य दीर्घकालिक बीमारियों से निपटने से संबंधित राष्ट्रीय कार्यक्रमों में होम्योपैथी को जोड़ा है। यह प्राथमिक देखभाल से परे इसकी प्रासंगिकता को दर्शाता है। आपूर्ति के नए-नए मॉडल भी उतने ही उत्साहजनक हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के अंतर्गत सेवाओं के एक ही स्थान पर उपलब्ध होने की सुविधा ने पहुंच और विश्वास दोनों को बेहतर बनाया है। चलंत चिकित्सा इकाइयां जहां दूरदराज के इलाकों तक पहुंच रही हैं, वहीं सामुदायिक सहायता से जुड़ी पहलों और महामारी से निपटने से संबंधित कार्यक्रमों ने विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्यों में होम्योपैथी की अनुकूलता को प्रदर्शित किया है।

शायद सबसे कारगर मॉडल बुनियादी होम्योपैथी में प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का है। सही ज्ञान और रेफरल सिस्टम के सहयोग से, ये कार्यकर्ता न्यूनतम लागत पर स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार कर सकते हैं। स्वास्थ्य रक्षा जैसे कार्यक्रम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीसीआरएच) द्वारा संचालित संपर्क संबंधी पहलों ने पहले ही दिखा दिया है कि समुदाय-आधारित दृष्टिकोण सार्थक नतीजे दे सकते हैं। भविष्य को देखते हुए, सतत स्वास्थ्य एवं कल्याण के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत, पुरानी बीमारियों का बढ़ता बोझ और रोगाणुरोधी प्रतिरोध जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने हेतु ऐसे समाधानों की जरूरत है जो न केवल कारगर हों बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से व्यवहारिक भी हों।

## युद्ध से कोरोना जैसा संकट

मोदी ने संकटकाल में राष्ट्रीय एकजुटता का आ''ान किया। मगर इसके लिए विपक्ष और देश को भरोसे में लेने का कोई इरादा उन्होंने नहीं जताया। ऐसे में उनका बयान कोई नई दिशा दिखाने में सफल हुआ, ये कहना कठिन है।

प्रधानमंत्री की इस बात से सहज सहमत हुआ जा सकता है कि पश्चिम एशिया में युद्ध से भारत के सामने कोरोना महामारी जैसा संकट खड़ा हुआ है। उनकी ये बात भी सही है कि इस संकट का प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। मगर उनकी ये बात उतनी ही आसानी से गले नहीं उतरती कि ये चुनौतियां अप्रत्याशित ढंग से सामने आईं। ना ही उनका ये कथन सहज स्वीकार्य है कि गुजरे एक दशक में उनकी सरकार ने जो तैयारियां कीं, वे इस वक्त काम आ रही हैं। हकीकत यह है कि रसोई गैस आपूर्ति में आई रुकावटों से देशवासी मुसीबत में फंसे हुए हैं, देश की खाद्य सुरक्षा के ऊपर उर्वरक का गंभीर संकट मंडरा रहा है, और भीषण महंगाई की आशंका हर रोज सघन होती जा रही है।

बेशक, इस पूरी हालत के लिए सरकार जिम्मेदार नहीं है, लेकिन उसकी व्यापार एवं विदेश नीति संबंधी प्राथमिकताओं ने हालात ज्यादा मुश्किल बनाए हैं, यह भी जग–जाहिर है। अमेरिकी दबाव में रूस से रियायती दर पर तेल लेना बंद करना एक ऐसी ही प्राथमिकता थी। अब संकटकाल में जब अमेरिका ने रूसी तेल को प्रतिबंध मुक्त किया है, तो भारत को बाजार भाव पर वही तेल खरीदना पड़ रहा है। इसी तरह पश्चिम एशिया में सबसे समान दूरी की नीति छोडने की महंगी कीमत अब चुकानी पड़ी है।

नरेंद्र मोदी ने संसद के मंच पर अपनी नीतियों के पक्ष में कोई दमदार दलील पेश नहीं की। बल्कि पश्चिम एशिया के बारे में एकमात्र नीतिगत बयान यह दिया कि होरमुज जलडमरूमध्य को बंद करना अस्वीकार्य है। मगर, इससे यह बात गायब रही कि ये रास्ता किसने बंद किया और उसकी पृष्ठभूमि क्या है? इस संबंध में विपक्षी दलों ने अपनी अलग राय रखी है। लोकसभा में दिए बयान में मोदी ने संकटकाल में राष्ट्रीय एकजुटता का आ''ान किया। मगर इसके लिए विपक्ष और पूरे देश को भरोसे में लेने का कोई इरादा उन्होंने नहीं जताया। ऐसे में युद्ध के 24वें दिन जाकर दिया गया उनका बयान कोई नई दिशा दिखाने और जन–विश्वास पैदा करने में सफल हुआ, यह शायद ही कहा जा सकता है।

## क्या डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका के बहादुर शाह जफर साबित होंगे?

**अजय दीक्षित**

यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने जब ईरान युद्ध पर अमेरिका की जनता को संबोधित किया तो वहां की जनता अपना सिर पकड़ लिया कि हारा हुआ पहलवान जीत का दावा कर रहा है दूसरी ओर मध्य पूर्व में खाड़ी देशों में तैनात अमेरिका के सैनिक मारे जाने या बंदी बनाए जाने के डर से होटलों में शरण ले रहे हैं। हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में ईरान ने कब्जा कर लिया है और वहां पर 400 से अधिक मालवाहक शिप 2oo नाविकों के साथ फंसे जिनमें क्रूड ऑयल,गैस, लादी हुई है।जबकि ईरान में अस्सी लाख लोगों ने अपने आप को अमेरिका के खिलाफ युद्ध में लडने के लिए पंजीकृत किया है इसके अलावा दस ईरानी ह्रक्रत्रष्ट खरग नामक टापू पर लडने तैयार है। उल्लेखनीय है कि 23 मार्च को डॉनल्ड ट्रंप ने खार्ग क्षेत्र में भीषण युद्ध करने की धमकी दी थी।आज हालत यह है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने उद्बोधन में इसका जिक्र तक नहीं किया और यह भी कह दिया कि नाटो देश निकम्मे है । अमेरिका ने अपने



आप को हॉर्मूज से अलग कर कह दिया कि जिसे खाड़ी देशों से तेल लेना हो वह अपने हिसाब से हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र से अपने जहाज निकले। उन्होंने धमकी दी कि वह ईरान को स्टोन एज में भेज दे गा। हॉर्मूज में मध्य पूर्व के देशों के अलावा यूरोपीय देशों के 145 शिप भी फंसे है। 20 भारतीय जहाजों तेल टैंकरों गैस टैंकरों को भी अपनी बारी का इंतजार है।1857 में भारत के सम्राट बहादुर शाह जफर ने ब्रिटिश को सत्ता सौंपी थी वैसे ही डॉनल्ड ट्रंप अपनी आर्थिक सत्ता को किसको सौंपते हैं और डॉलर की बादशाहत खत्म कर विश्व को आजाद कर रहे हैं क्योंकि अब हॉर्मूज से दुनियां को यह संदेश जा रहा है कि

विश्व में सुपर पावर कोई नहीं है।ईरान ने 35 दिन के युद्ध में अमेरिका को तारे दिखा दिए।हालत ऐसे हो गए हैं कि नाटो देशों का सैनिक संगठन बिखर गया है। इटली फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटिश,ने कहा है कि ईरान युद्ध हमारा नहीं है। इतना ही नहीं ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर स्टार्मर ने तो ईरान से हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र बहाल करने के लिए 35 यूरोपीय देशों की लन्दन में मीटिंग रखी है क्योंकि नाटो देश चाहते कि अमेरिका को हटा कर ईरान से मानवीय आधार बातचीत की जाय। खाड़ी देशों में भी अब हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र को खुलवाने में पहल की भूमिका ओमान को दे दी है।खाड़ी देशों में अब कतर,भी ईरान की भाषा बोल रहा है। शिया मौलवी सैयद अलिफ जैदी कहते हैं कि आगे आने वाले समय में हॉर्मूज से डॉलर के पराभव का रास्ता और फिलिस्तीन और गाजा की आजादी का रास्ता निकलेगा और इजरायल का अंत होगा ।

यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप के आज के संबोधन का डेमोक्रेट ने भारी विरोध किया और कहा कि ट्रंप ने ईरान युद्ध संबंधी प्रश्नों का साफ उत्तर नहीं दिया है इससे अमेरिका की जनता में आक्रोश है।

ईरान के राष्ट्रपति ने कहा है कि युद्ध अमेरिका के समर्पण के बाद ही बंद होगा और अमेरिका से कोई बातचीत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिका की फौज को ईरान की धरती पर उतरने का इंतजार कर रहे हैं।ईरान एक करोड़ लड×के लड़ेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -004

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 003 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू- दोकू क्र.004

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.003 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा। खेल कूद से जुड़े लोगों को आज किसी बहुत बड़े टूर्नामेंट में भाग लेने का सुअवसर मिलेगा। आपको वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा हो सकती है। नई तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में वृद्धि हो सकती है साथ ही उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। अपने पार्टनर के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बना सकते हैं। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं।

### वृष राशि :

आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम में सफलता हासिल होगी। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। ऑफ़िस में आपको सबका सहयोग मिलेगा। आज आप सोशल वर्क कर सकतें हैं। आपको किसी नए कॉन्टैक्ट से बहुत फायदा होगा। आज आपके विरोधी भी आपकी उदारता से बहुत प्रभावित होंगे। घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

### मिथुन राशि :

आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज काम करने से पहले घर के बड़ों की सलाह लेना बेहतर होगा। पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्रता में कुछ कमी आ सकती है। अपने रुचि के अनुसार सब्जेक्ट का चुनाव करने और अपनी अध्ययन की योजना में बदलाव करने की सोचेंगे। बिजनेस मे प्रतिद्वंदीयों से सावधान रहें। खुद को फिट रखने के लिए आपको योग जरूर करना चाहिए।

### कर्क राशि :

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा आपका झुकाव किसी नए काम की ओर हो सकता है। करियर के मामले में कुछ बेहतर अवसर मिलने के आसार हैं। बिजनेस में किसी नए ग्रुप से जुडने के बारे में विचार कर सकते हैं। हालांकि डील करते समय आपको बहुत सोच-समझकर ही आगे बढना चाहिए। घर वालों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ा बहुत मनमुटाव हो सकता है।

### सिंह राशि :

आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सभी कलीग्स के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। वालों छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन खासतौर पर फायदेमंद रहेगा। आपका रिसर्च वर्क पूरा हो सकता है। माता-पिता के साथ बेहतर संबंध स्थापित होंगे। जॉब के मामले में बड़ा ऑफर मिलने से आपको धन लाभ हो सकता है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

### कन्या राशि :

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी महत्वपूर्ण काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल मिल सकते हैं । संगीत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अगर आप कुछ दिनों से अपने कमर दर्द की समस्या से परेशान हैं, तो आपको उससे छुटकारा मिलेगा। आज किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए।

### तुला राशि:

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आज आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की सख्त जरूरत है। ईष्ट मित्रों से मिलने आप उनके घर जा सकते हैं आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी। हालांकि जीवनसाथी के साथ रिश्तों में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है, उन्हें खुश करने के लिये उपहार देना उचित रहेगा। आप किसी सामाजिक कार्य का हिस्सा बन सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के मामलों में विजय प्राप्त होगी।

### वृश्चिक राशि:

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिल सकता है। आज अपने परिवार के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में आपकी तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं। कुछ खास जगहों पर आपकी प्रशंसा होगी। आज आप छोटा उद्योग शुरु करने के बारे में विचार कर सकते हैं। व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन अनुकूल है। जीवनसाथी आज आपके ऊपर ख़ास ध्यान देंगे और आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे।

### धनु राशि:

आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। समाज में आपका सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। पड़ोस के कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अचानक नए स्त्रोतों से होने वाला धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। अपने लक्ष्य को पूरा करने में आपको किसी की मदद मिल सकती है। जो लोग मार्केटिंग की फील्ड से जुडे हैं, उन्हें आज अच्छे क्लाइंट मिलने की संभावना है। पुराने कर्ज से छुटकारा मिलेगा। लवमेटस कहीं बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे।

### मकर राशि :

आज आपका दिन आपके लिए पहले की अपेक्षा अधिक व्यस्त रहने वाला रहेगा। ऑफिस में बॉस आपको कुछ नया काम दे सकते है , जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज-मस्ती में समय बीतेगा । किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार-विमर्श करेंगे। नए संपर्कों से आपको फायदा होने की उम्मीद है। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। शिक्षण के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नये अवसर मिल सकते हैं।

### कुंभ राशि:

आज आपका दिन पहले की अपेक्षा व्यस्त रहने वाला। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ लोगों से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। काफी दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बेहतर रहेगा। किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको बहुत आवशयकता थी। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके बिजनेस में आज तेजी से वृद्धि होगी।

### मीन राशि:

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज अपनी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि करने के लिए आपको कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे आपका मन खुश हो जायेगा। जीवनसाथी के साथ बढिया तालमेल रहेगा। घर की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी हो सकती है। जो लोग नौकरीपेशा हैं, उनको थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है। काम को लेकर सीनियर आपसे नाराज हो सकते हैं । वो आपसे ऐसी बात कह सकते हैं, जो आपको बुरी लग जाये ।

# पात्रों को योजनाओं से जोड़ते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश, दिशा समिति बैठक आयोजित

चमकता राजस्थान

**धौलपुर/रामदास तरुण।** करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, जल जीवन मिशन, पीएम




आवास योजना, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने सैपऊ रोड पुलिस लाइन के पास रेलवे क्रॉसिंग पर बार-बार लगने वाले जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए वहां ओवरब्रिज निर्माण को आवश्यक बताया। वहीं बिजौली, कुहावनी और सिंगोरई क्षेत्रों में ब्रॉडगेज कार्य के दौरान बंद किए गए रेलवे क्रॉसिंग के स्थान पर अंडरपास बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने धौलपुर-बाड़ी रेलवे मार्ग पर भूमि अधिग्रहण से वंचित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने, नेशनल हाईवे के गड्ढों की मरम्मत, नालों की नियमित सफाई, टोल प्लाजा पर इमरजेंसी लेन की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कार्मिकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए। साथ ही हाईवे पर आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। सांसद ने जल जीवन मिशन के तहत कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने, अधिक से अधिक पेयजल कनेक्शन देने तथा पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए हैंडपंपों की मरम्मत, स्वास्थ्य संस्थानों में दवाइयों की उपलब्धता एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा।बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने निर्देशों की पालना का आश्वासन दिया तथा आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। बैठक में बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, बसेड़ी विधायक संजय जाटव ने भी जिले की प्रमुख समस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर अपने सुझाव रखे।
बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। पर्यटन विभाग द्वारा पंच गौरव के तहत तीर्थराज मचकुंड सरोवर पर तैयार कैलेंडर का विमोचन भी किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदर्शन से पहले ही कांग्रेसियों को पुलिस ने किया नजरबंद

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिला एवं महानगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्ट्रेट तिराहे पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित था। इस दौरान कार्यकर्ता हेमंत बिस्वा शर्मा का पुतला फूंकने की तैयारी में थे। बताया जा रहा है कि असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र भाषा के प्रयोग के विरोध में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया था। हालांकि प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया, जिससे वे निर्धारित स्थान पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन नहीं कर सके। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है।

### जनकपुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: शातिर बाइक चोर दबोचा, चोरी की स्प्लेंडर बरामद

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, 6 फरवरी 2026 को शांति नगर, जेल चुंगी निवासी नवीन पुत्र रूपचंद ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट थाना जनकपुरी में दर्ज कराई थी। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत जनकपुरी पुलिस लगातार गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी क्रम में 10 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने देहरादून रोड के पास से आरोपी निखिल उर्फ अर्जुन निवासी गोपाल नगर, थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस (वढ11 अठ 6615) बरामद की। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक नेमचंद के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अभिषेक कुशवाह, हेड कांस्टेबल मनवीर और कांस्टेबल अजय कुमार की अहम भूमिका रही।

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भेड़ोली में शुक्रवार को विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भेड़ोली में शुक्रवार को विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया
जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट ठ.क एक्ट प्रकरण श्रीमती रचना बालोत के द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सिक्योरिटी,साइबर बुलीइंग,डिजिटल अरेस्ट,साइबर फ्रॉड एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गई ' इसके साथ ही विद्यालय में स्थापित सुझाव पेटी कोर्ट वाली दीदी के बारे में भी छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई ' कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया ' संस्था प्रधान आशा शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया की डिजिटल प्लेटफॉर्म का सावधानीपूर्वक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया ' साथ ही अपने अभिभावकों को भी इस संबंध में जागरूक करने का आह्वान किया गया '

### दिवा में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पूर्णाकृति पुतला स्मारक की मांग तेज



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/दिवा (प्रतिनिधि)।** भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर दिवा परिसर में उनके पूर्णाकृति पुतला स्मारक की घोषणा 14 अप्रैल को की जाए, ऐसी जोरदार मांग आंबेडकरी अनुयायियों द्वारा की जा रही है।
इस मांग के लिए स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता लगातार प्रयास कर रहे हैं और प्रशासन से कई बार अनुरोध भी किया गया है। इस वर्ष भी क्या इस मांग को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी या फिर यह केवल आश्वासनों तक ही सीमित रह जाएगी, यह सवाल नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता सौरव आढांगळे ने कहा कि, ''डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों और कार्य को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए दिवा क्षेत्र में पूर्णाकृति स्मारक का निर्माण अत्यंत आवशयक है। इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं।'' वहीं सुवर्णाताई कांबळे ने भी प्रशासन से इस मांग पर ध्यान देकर 14 अप्रैल, जयंती दिवस पर ही स्मारक के संबंध में ठोस घोषणा करने की अपेक्षा व्यक्त की है। दिवा के आंबेडकरी समाज सहित स्थानीय नागरिकों में इस मांग को लेकर उत्साह और आशा बनी हुई है। अब प्रशासन इस पर क्या निर्णय लेता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

### पीडीपीएल कंपनी पानवा में लगा टीबी स्कैनिंग कैंप




**चमकता राजस्थान/खरगोन/कसरावद।** राष्ट्रीय टीवी मुक्त अभियान के तहत खरगोन जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत दिनांक 9 अप्रैल को विकासखंड कसरावद के ग्राम पानवा स्थित पीडीपीएल कंपनी में टीबी स्कैनिंग का कैंप लगाया गया जिसमें 95 श्रमिकों की टीवी की जांच एवं यौन रोगों की जांच की गई। इस अवसर पर पीडीपीएल कंपनी के एचआर दीपक परसाई , दिनेश पाटीदार, महिला सुपरवाइजर रीना वर्मा, कसरावद स्वास्थ्य विभाग से हिमांशु राठौर , अमर सिंह राठौड़, बलिराम पाटीदार लैब टेक्नीशियन , सेक्टर सुपरवाइजर राकेश वर्मा , आशा कार्यकर्ता लाड़की जमरे और जिले से एक्सरे टेक्नीशियन उपस्थित थे।

# चिकित्सा एवं स्वास्थय विभाग की शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्यवाही

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** चिकित्सा एवं स्वास्थय विभाग राजस्थान सरकार की महत्वकांशी योजना शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य आयुक्त डॉ० टि शुभमगंला व जिला कलक्टर ब्यावर कमल राम मीणा व अतिरिक्त खाद्य आयुक्त भगवत सिंह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० संजय गहलोत के नेतृत्व मे खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा माहावीर उधोग व गोकुल उधोग व गादिया सप्लार्स व गुलाब चन्द्र उत्मचन्द्र सराधना रिको मे कार्यवाही की गई जिसके मालिक अनिल कुमार जैन



रूचित जैन व मेहेन्द्र कुमार जैन है निरक्षण के दौरान काफी अनिमिताये पाई गई जिसमे गेहुँ कि चापड़ व कलर से मिर्च पाउडर तैयार किया जा रहा था जिसमे हल्दी, धनीया व मिर्च पाउड़र के सेमपल लिये गये तथा मोके पर 10 हजार 500 किलो ग्राम मिर्च पाउड़र व चापड़ 700 किलो, धनीया पाउड़र 1550 किलो हल्दी पाउडर, को सीज किया गया ।उक्त सैम्पल खाद्य प्रयोगशाला जयपुर लैब में परिक्षण हेतु भिजवाए गए जिनकी रिपोर्ट असंतुष्ट व असुरक्षित पाए जाने पर सम्बधित फर्म पर का लाईसेन्स निरस्त करने कि कार्यवाही अमल में लाई जावेगि ।जाचं दल में केन्द्रीय टिम से खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा व अमित शर्मा व नारायण सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्यावर द्वारा कार्यवाही की गई । मिडिया को अवगत कराया कि विशेष खाद्य शुद्धता अभियान निरणतर चलाया जा रहा है जिसमें आगामी चरण में होटलों व रेस्टोरेन्टों व मिठाई की दुकानों व कैफे व फुट व सब्जियों खाद्य मसाले, व तेल व अनाज मण्डी का निरक्षण कर कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है एवं उक्त जाचं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं सही जावेगी।

## मुक्तिधाम पर शव विश्राम स्थल निर्माण को लेकर विवाद, प्रशासन ने रुकवाया कार्य



**चमकता राजस्थान/डग (कुन्दन व्यास)।** डग कस्बे में उप जिला अस्पताल के सामने सुवासरा रोड स्थित पर मुक्तिधाम पर खसरा नंबर 1366 पर शव विश्राम स्थल (चबूतरा) निर्माण को लेकर गुरुवार को विवाद की स्थिति बन गई। मामले की सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा और एहतियातन निर्माण कार्य को रुकवा दिया ।जानकारी के अनुसार मुक्तिधाम परिसर में शव विश्राम स्थल निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के कुछ लोगों ने उक्त भूमि को अपनी खातेदार की जमीन बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया ।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपखंड अधिकारी छत्रपाल सिंह चौधरी,डग तहसीलदार एवं गंगधार पुलिस उपाधीक्षक हेमंत गौतम डग थाना प्रभारी भंवर सिंह गुर्जर (सीआई) और गंगधार थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रशासन ने समझाइश देते हुए निर्माण कार्य को रुकवा दिया ।इधर, मामले को लेकर सर्व हिंदू संगठनों में आक्रोश देखा गया। विश्व हिंदू परिषद,शिवसेना, बजरंग दल एवं मुक्तिधाम सेवा समिति से जुड़े कार्यकर्ता ने चबूतरे के समीप बैठकर भजन कर विरोध दर्ज कराया ।वहीं, दूसरे पक्ष के लोगों ने भी प्रशासन से निष्पक्ष जाँच की अपेक्षा जतायी ।सर्व हिंदू संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि मुक्तिधाम की भूमि की विधिवत पैमाइश कर सीमांकन कराया जाए,ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके उपखंड अधिकारी छत्रपाल सिंह चौधरी ने दोनों पक्षों को आश्वस्त किया है कि श्मशान की भूमि की पैमाइश पूरी पारदर्शिता के साथ नियमानुसार की जाएगी ।ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो।

## गुर्जर संसद व प्रतिभा सम्मान समारोह में सामाजिक एकजुटता पर जोर



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** प्रतिहार महासंघ के तत्वावधान में गांधी पार्क स्थित जनमंच सभागार में आयोजित गुर्जर संसद एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के शैक्षिक, सामाजिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में समाज को संगठित करने, शिक्षा के स्तर को सुधारने और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा समाज के वृद्धजनों एवं प्रेरणास्त्रोत महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गुर्जर संसद में वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने, पिछड़ेपन को दूर करने, आपसी वैचारिक मतभेद खत्म करने तथा महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे लाने का आ''ान किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह, राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, सांसद इकरा हसन, समाजसेवी नेपाल सिंह कसाना, विधायक अतुल प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष शामली मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष हरिद्वार किरण चौधरी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्र सेन, विधायक कीरत सिंह, मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक महिपाल सिंह माजरा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी, चंदन चौहान सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही 'पुश-अप मैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध रोहतास चौधरी को विशेष पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवेश गुर्जर ने किया।

## आदर्श विद्या मंदिर में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**चमकता राजस्थान/रावला मंडी (संजय बिश्नोई)।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय, रावला मंडी में सत्र 2025-26 की कक्षा पांचवीं व आठवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने ए ग्रेड प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।
विद्यालय प्रशासन के अनुसार, विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता हासिल की। अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है। वहीं, विद्यालय में नए सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। शिशुवाटिका (छङत्र्) से लेकर आठवीं कक्षा तक प्रवेश दिए जा रहे हैं। विद्यालय में संस्कारमय शिक्षा, संगीत वंदना, संस्कृत संभाषण, स्पोकन इंग्लिश, वाहन सुविधा व विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की व्यवस्था उपलब्ध है। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिशंकर पुरोहित ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समय पर प्रवेश दिलवाएं।

## अवैध शराब तस्करी के विरूद्ध पुलिस थाना बर की बडी कार्यवाही

- 08 पेटी अवैध देशी शराब व बीयर तथा परिवहन में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट कार जब्त

**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** महानिरीक्षक पुलिस महोदय अजमेर रेंज अजमेर राजेन्द्रसिंह आईपीएस के आदेशानुसार व जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतनसिंह आई०पी०एस० के निर्देशानुसार भूपेन्द्र शर्मा आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर व बंशीलाल पाण्डर आरपीएस वृताधिकारी वृत रायपुर के निकटतम सुपरविजन में शराब तस्करो के विरूद्ध थानाधिकारी पुलिस थाना बर पन्नालाल उप निरिक्षक के नेतृत्व में गठीत टीम द्वारा अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही कर वाहन स्विफ्ट कार नम्बर RJ22CC4778 से करीब 20,हजार रूपये किमत की 08 पेटी अवैध देशी शराब व बीयर बरामद परिवहन में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट जब्त की गई। 08.अप्रैल .23026 को अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध थानाधिकारी पुलिस थाना बर पन्नालाल उप निरिक्षक पुलिस के निर्देशन में गठीत टीम द्वारा मुखबीर की ईतला पर सरहद कानुजा पर वाहन स्विफ्ट कार नम्बर RJ22CC4778 को नाकाबंदी कर रुकवाकर चालक 01 घनश्यामसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह जाति रावत निवासी उदयपुर रोड चुंगी नाका गंगा कॉलोनी पुलिस थाना साकेतनगर जिला ब्यावर 02. रोशन सिंह पुत्र दिनेशसिंह जाति रावत निवासी नुन्दरी मालदेव पावर हाउस के पीछे पुलिस थाना साकेतनगर जिला ब्यावर को दस्तयाब कर स्विफ्ट कार की तलाशी टीम द्वारा ली जाने पर वाहन स्विफ्ट के अन्दर कुल 08 कार्टुन में देशी अवैध शराब व बीयर जिनमें 144 पव्वे हिर रांझा स्ट्रॉग देशी मदिरा (03 पेटी) एंव KINGFISHER STRONG PREMIUM BEER कुल 60 (05 पेटी) की जब्ती कार्यवाही कर परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट को जब्त किया गया। जब्त शुदा अवैध शराब की बाजार मे अनुमानित किमत करीब 20,हजार रूपये हैं।

## आवर में किसान संगठन का धरना, थाना अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**चमकता राजस्थान/गोपाल सिरोलिया करावन।** क्षेत्र के आवर कस्बे में किसान संगठन के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने पगारिया थाना अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की।
किसानों का आरोप है कि पूर्व मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में होने के बावजूद उन्हें फसल नुकसान का मुआवजा नहीं मिल रहा है। इससे किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। धरने में शामिल किसानों ने कहा कि वर्ष 2025 की सोयाबीन फसल खराब होने के बाद भी अब तक मुआवजा और बीमा राशि का भुगतान नहीं हुआ है। ज्ञापन में किसानों ने लंबित मुआवजा राशि का शीघ्र भुगतान, कर्ज माफी, पशुओं के लिए गोशालाओं की व्यवस्था तथा गरीब किसानों को बिना ब्याज ऋण उपलब्ध कराने की मांग रखी।
प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी।

# शिक्षा पाओ, ज्ञान बढ़ाओ प्रतियोगिता में विजेताओं का सम्मान, छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर।** ''सोच बदलो - गांव बदलो'' के बैनर तले आयोजित शिक्षा पाओ, ज्ञान बढ़ाओ प्रतियोगिता 2026 के विजेता छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह 9 अप्रैल 2026 को हांसई सर्किल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 11 एवं 12 वर्ग में मुस्कान पुत्री हरिपाल ने प्रथम, विक्रम मीना




पुत्र राजेन्द्र सिंह मीना ने द्वितीय एवं राज मीना पुत्र गिर्राज सिंह मीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में वंदना कुमारी पुत्री जगदीश सिंह मीना प्रथम, राशि गौड़ पुत्री दिलीप कुमार द्वितीय एवं अदिति सिंह पुत्री जसवंत सिंह तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 9 में सोनिया पुत्री ओम प्रकाश पुरी प्रथम, राज पुत्र अशोक द्वितीय एवं मनु गुर्जर पुत्री राकेश तृतीय स्थान पर रही। वहीं कक्षा 8 में कृष्णा मीना पुत्र शक्ति सिंह प्रथम, कीर्ति मीना पुत्री संतोष कुमार मीना द्वितीय एवं अनीश मीना पुत्र मनोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम कुमार मीना ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सर्किल धनौरा से आए कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र मीना ने प्रतियोगिता एवं ''सोच बदलो - गांव बदलो'' मुहिम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती विजय राज लक्ष्मी शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए टीम को निरंतर उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लव कुश मीना, मुरारी लाल, केदार सिंह मीना, विजय सिंह मीना, संजू सेन, नवरतन लाल, राम कुमार गौड़, अय्यूब खान, रशीद खान, उत्कर्ष कुमार सिंह, जगन्नाथ मीना, नरेश कुमार पुनिया सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लाखन सिंह मीना द्वारा किया गया।

कृषि में नवाचार, तकनीक और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर रहा फोकस

# 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) - 2026' के कर्टेन रेज़र एवं ओरिएंटेशन वर्कशॉप का सफल आयोजन

## मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम-2026 का लोगो और ब्रोशर किया गया लॉन्च

चमकता राजस्थान







**जयपुर।** राज्य में कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक, नवाचार और निवेश से जोड़ते हुए उसे आत्मनिर्भर और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में कृषि विभाग,राजस्थान और समिट पार्टनर फेडेरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से आयोजित 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)झ्र2026' के तहत जयपुर में कर्टेन रेज़र एवं ओरिएंटेशन वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने संबोधनों में कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन, उद्यमिता और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर विशेष बल दिया, ताकि राज्य का एग्रीटेक इकोसिस्टम सुदृढ़ हो और किसानों को अधिक अवसर एवं संसाधन उपलब्ध हो सकें।

कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, उद्योग प्रतिनिधियों, स्टार्टअप्स, एफपीओ एवं प्रगतिशील किसानों की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जिन्होंने कृषि क्षेत्र में संभावनाओं और साझेदारी के नए आयामों पर सार्थक विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने आयोजन की गरिमामयी शुरुआत को दर्शाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में माननीय कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ किरोड़ी लाल, माननीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, माननीय सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार के साथ मुख्य सचिव श्री वी श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन श्री अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग श्री शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव, कृषि श्रीमति मंजू राजपाल एवं ईआईएमए एग्रीमेक एवं फार्म मैकेनाइजेशन कमेटी के अध्यक्ष एवं टीएएफई लिमिटेड के डायरेक्टर टी. आर. केसवन मौजूद रहे।

इस अवसर पर माननीय कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ किरोड़ीलाल ने कहाः ₹राजस्थान सरकार कृषि निवेश, निर्यात-उन्मुख उत्पादन और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा विशेष ध्यान मोटे अनाज (मिलेट्स), बागवानी, प्रिसिजन फार्मिंग और जल संरक्षण तकनीकों पर है, जो राजस्थान को वैश्विक कृषि व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बनाने में सहायक है।₹ कार्यक्रम के दौरान 'ग्राम' का लोगो तथा ब्रोशर अनावरण तथा 'ग्रामझ्र2026' फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें आयोजन की व्यापक रूपरेखा और उससे जुड़ी संभावनाओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव, कृषि श्रीमती मंजू राजपाल ने कहाः ''ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम 2026)' माननीय मुख्यमंत्री जी की दूरदृष्टि का एक उदाहरण है जो कि राज्य में कृषि को एक समग्र इकोसिस्टम के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह मंच किसानों, एग्रीटेक कंपनियों, स्टार्टअप्स और नीति-निर्माताओं को एक साथ लाकर ज्ञान, तकनीक और नवाचार के प्रभावी आदान-प्रदान को सुनिश्चित करेगा। हमें विश्वास है कि इस प्रकार के समन्वित प्रयासों से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि कृषि क्षेत्र में निवेश, उद्यमिता और तकनीकी अपनाने को भी नई गति मिलेगी, जिससे राजस्थान राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर एक सशक्त एग्रीटेक हब के रूप में उभरेगा।''

कार्यक्रम के तहत आयोजित ओरिएंटेशन सत्रों में ''कृषि में नवाचार एवं उन्नत तकनीक'' तथा ''कृषि में उद्यमिता एग्री स्टार्टअप, एनजीओ एवं एफपीओ की भूमिका'' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। विभिन्न सत्रों में नीति-निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों एवं प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कृषि क्षेत्र में सहयोग, निवेश एवं तकनीकी अपनाने के अवसरों पर विचार रखे, जिससे यह मंच संवाद और साझेदारी का सशक्त माध्यम बनकर उभरा।

प्रथम सत्र ''कृषि में नवाचार एवं उन्नत तकनीक'' पर बात करते हुए कृषि विभाग के आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने राजस्थान को कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री के स्पष्ट और दू-रदर्शी दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि कृषि में टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट लाना प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों और कृषि विभाग के बीच कम्युनिकेशन गैप कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा मधुमक्खी पालन, स्प्रिंकलर सिस्टम और इंटीग्रेटेड फार्मिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही समय-समय पर मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी गई। प्रगतिशील किसान प्रतिनिधि मोहनलाल मीणा ने खेती में सावधानी और फसल-विशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि जब किसान खेती को व्यवसाय के रूप में अपनाएगा, तभी वास्तविक प्रगति संभव होगी। वहीं, अपना गोदाम के सीईओ एवं फाउंडर संजय अग्रवाल ने कृषि उत्पादों की बिक्री में पारदर्शिता लाने के लिए विकसित ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और प्राइस लॉक सुविधा वाले ऐप की जानकारी दी, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।

दूसरे सत्र में ''कृषि में उद्यमिता एग्री स्टार्टअप, एनजीओ एवं एफपीओ की भूमिका'' विषय पर बात करते हुए 'बेसिक फूड स्टूडियो' की को फाउंडर तथा सीईओ तनुश्री सिंह ने एक फूड कंपनी के रूप में उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने और स्टार्टअप स्तर पर बाजार की मांग के अनुसार निरंतर इनोवेशन पर जोर दिया। फ्रेशेकार्ट्स एग्री प्रोडक्ट्स के फाउंडर राजेंद्र लोढ़ा ने कहा कि सरकार स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न सुविधाएं और सहयोग प्रदान कर रही है, जिससे नए उद्यमों को विकसित होने का अवसर मिल रहा है। वर्डेंट इंपैक्ट के फाउंडर एवं सीईओ मनीष कुमार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर नई पीढ़ी, को खेती की ओर आकर्षित करने की आवश्यकता बताई। वहीं एफईइस एनजीओ के प्रतिनिधि शांतनु राय ने कहा कि राजस्थान की जीडीपी का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा कृषि से आता है और उनकी संस्था गांवों में जागरूकता बढ़ाकर सार्वजनिक जमीन की सुरक्षा के लिए काम कर रही है। उन्होंने सॉयल क्रेडिट, ब्राउन क्रेडिट और वॉटर क्रेडिट जैसे कॉन्सेप्ट्स पर भी जोर दिया, जो प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देते हैं।

अंत में ईआईएमए एग्रीमेक एवं फार्म मैकेनाइजेशन कमेटी के अध्यक्ष एवं टीएएफई लिमिटेड के डायरेक्टर टी. आर. केसवन ने कहाः ''आज के इस महत्वपूर्ण सत्र में कृषि यंत्रीकरण और नवाचार को लेकर साझा किए गए विचार निश्चित रूप से किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।''

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यावाड़ी में विश्व नवकार मंत्र दिवस पर सामूहिक मन्त्रोच्चार प्रभात प्रार्थना सम्पन्न''



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/रानी।** मरुधर महिला शिक्षण संघ विद्यावाड़ी के तत्वाधान में मरुधर बालिका विद्यापीठ के रजत जयंती हॉल में सामूहिक मन्त्रोच्चार शांति आध्यात्म ध्वनि कार्यक्रम रखा गया। तीनों इकाईयों की समस्त छात्राएँ इस आध्यात्म शांति महाकुंभ के लिए योग साधना मुद्रा में नवकार मंत्र का सस्वर उच्चारण कर रही थी मधुरम मंत्र ध्वनि व करतल ध्वनि से सम्पूर्ण वातावरण आनन्दमय हो गया। संस्था कार्यकारिणी सदस्य हरीश सुराणा, सीईओ, तीनो इकाईयों की प्रधान, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण एवं केन्द्रीय कार्यालयकर्मी भी उपस्थिति रहे। विश्व नवकार मंत्र दिवस को बड़े ही प्रेम, श्रद्धा एवं विश्वास के साथ विश्व कल्याण, आत्मिक शांति एवं मुक्ति की कामना के लिए मनाया गया। आशीर्वाद एवं धन्यवाद में स्वागत सत्कार व आशीर्वाद की औपचारिकताओ के साथ स्त्री शिक्षा के ज्योति कलश स्वरूप इस मरुधर महिला शिक्षण संघ की संस्थापिका माँ सुभद्राजी की पुण्यतिथि दिवस होने के कारण उनके त्याग, समर्पण एवं दूरदर्शिता को स्मरण किया संस्था अध्यक्ष कांतिलालजी एन. मेहता व संस्था सचिव श्रीमान कैलाशजी टी. कावेड़िया ने माँ सुभद्राजी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई एवं 2 मिनट के मौन के साथ तीन नवकार मंत्र माँ सुभद्राजी को अर्पित किए। इसी के साथ अद्भुत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### श्री कायावर्णेश्वर महादेव मन्दिर का पुरातत्व विभाग ने लिया जायजा

- क्षेत्रीय विधायक कालुराम मेघवाल पर्यटन को लेकर गंभीर

**चमकता राजस्थान/डग-10अप्रेल(कुन्दन व्यास)।** क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल के अथक प्रयासों के बाद बजट घोषणा 2026-27 में देवस्थान विभाग के द्वारा श्री कायावर्णेश्वर महादेव मंदिर (क्यासरा) में सौंदर्यीकरण, मरम्मत कार्य,धर्मशाला,गेस्ट हाउस सहित विकास कार्यों को लेकर विभाग द्वारा 2 करोड़ के लगभग की राशि स्वीकृत की गई थी जिसको लेकर आज देवस्थान विभाग झालावाड़ के प्रबंधक कमल अग्रवाल,दिनेश सिंह हाड़ा,सार्वजनिक निर्माण विभाग जे.ई.एन हितेश झा सहित टीम क्यासरा पहुंची जहां विधायक कालूराम मेघवाल व एवं भाजपा पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं के साथ देवस्थान विभाग के अधिकारियों को मंदिर परिसर का निरीक्षण करवाया तथा मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण, मरम्मत, टिन शेड्स,को लेकर कई बातों पर प्रस्ताव लिए गए।इस दौरान भाजपा के डग मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह प्रतिहार,जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह नेताजी, बापू सिंह पटेल पूर्व सरपंच क्यासरा, मंडल उपाध्यक्ष लोकेश जैन,अमृत विश्वकर्मा, शिवराज सिंह प्रतिहार,बबलू सिंह सहित श्री कायावर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## गेहूं उपार्जन केंद्र पर तोल कांटा पूजन कर गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया

### भाजपा सरकार किसानों के सम्मान,समृद्धि एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है - महंत निलेश भारती

चमकता राजस्थान



**राजेश यादव/धार।** मध्य प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं की सरकारी तुलाई (खरीदी) 09 अप्रैल से धार जिले के विभिन्न गेहूं उपार्जन केंद्रो पर आरंभ हो गई है। मध्यप्रदेश में किसानों के हितैषी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार तथा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल ने गेहूं उपार्जन केंद्र धार पहुंचकर तोल कांटा पूजन का विधिवत पूजन-अर्चन एवं किसानों को तिलक,माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र एवं डॉ मोहन यादव प्रदेश सरकार किसानों के सम्मान, समृद्धि एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। सुव्यवस्थित गे-हूं उपार्जन व्यवस्था सरकार की किसान हितैषी नीति एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया कि अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो और गे-हूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश रावला जिला मंत्री आरती पटेल किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रवि पाटीदार तिरला मंडल अध्यक्ष शुभम पाट-ीदार भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा रोहित पटीदार अनेक किसान एवं भाजपा के वरिष्ठ एवं कार्यकर्ता के उपस्थित रहें ।

## सैनी समाज कल्याण परिषद द्वारा उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

### महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न की मांग हेतु सोपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान



**मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग/कामवन।** कस्बे के सैनी समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न की मांग हेतु ज्ञापन सोपा गया। सैनी समाज के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि महात्मा ज्योतिबा फूल और माता सावित्रीबाई फुले दो बहनें थी। जिन्होंने ऐसे चित्र विधवा महिलाओं एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने जीवन भर महिला उत्थान के लिए संघर्ष किया और अन्य को संकटों का सामना करते हुए महिला शिक्षा विधवा विभाग की पुरजोर वकालत करते हुए जन जागृति घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। जिसके लिए आज भी पूरा विश्व इन्हें याद करता है। जिसके लिए सैनी समाज द्वारा कामवन उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में वीरसिंह, सुनील, सियाराम, मोहन, दौलत राम, घनश्याम, कृष्ण सैनी आदि मौजूद रहे।

## नए ओपीडी फार्मेसी कैंपस में आरओ प्लांट सहित वाटर कूलर का शुभारंभ

- श्रीमती तीजू देवी चौधरी जी का प्रेरणादायी योगदान



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** रेलवे के गणपति नगर स्थित केंद्रीय अस्पताल, जयपुर के मुख्य प-रिसर के नए ओपीडी फार्मेसी कैंपस में 80 लीटर क्षमता वाला आरओ प्लांट व वाटर कूलर स्थापित किया गया है। यह सुविधा मरीजों, स्टाफ और आगंतुकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस सुविधा का दान एवं उद्घाटन श्रीमती तीजू देवी जी चौधरी धर्म पत्नी श्री संगम लाल जी चौधरी के द्वारा किया गया।

- **उद्घाटन अवसर पर श्रीमती तीजू देवी चौधरी जी ने कहाः**

''स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। मुझे यह सुविधा उपलब्ध कराने का सौभाग्य मिला है, जिससे मरीजों, स्टाफ और आगंतुकों को विशेषकर गर्मी के मौसम में राहत और आराम मिलेगा। मैं श्री बजरंगबली और भगवान श्रीराम जी से प्रेरित हूँ, जिनके सेवा और करुणा के आदर्श इस प्रयास का मार्गदर्शन करते हैं।''

- **डॉ. ए. वासुदेवन, चिकित्सा निदेशक ने कहाः**

''यह पहल करुणा और सामुदायिक सेवा की भावना को दर्शाती है। शुद्ध पेयजल की उपलब्धता मरीजों की देखभाल और स्टाफ के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। हम इस उदार योगदान के लिए हृदय से आभारी हैं।''

रेलवे लाभार्थियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहाः

''यह सुविधा हमारे लिए बहुत राहतकारी है। गर्मी के दिनों में ठंडा और शुद्ध पानी उपलब्ध होना हमारे स्वास्थ्य और सुविधा के लिए अमूल्य है। हम इस दान और अस्पताल प्रशासन के प्रयासों के लिए हृदय से धन्यवाद करते हैं।हम अपनी हार्दिक कृतज्ञता सम्माननीय श्रीमती तीजू देवी चौधरी जी, हमारे आदरणीय चिकित्सा निदेशक डॉक्टर ए. वासुदेवन और पूरी टीम को व्यक्त करते हैं। यह पेयजल सुविधा आने वाले ग्रीष्मकाल में सभी के लिए राहत, आराम और देखभाल का माध्यम बनेगी।

## हीटवेव व बाढ़ से निपटने की तैयारियां तेज, जिला स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित

चमकता राजस्थान



**ब्यूरो चीफ जेके बावल/पाली।** आगामी मानसून, संभावित अतिवृष्टि, बाढ़ एवं हीटवेव को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे समय रहते ही आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो और जान-माल का नुकसान रोका जा सके। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले ही बाढ़ नियंत्रण, राहत कार्यों तथा हीटवेव से बचाव के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर ली जाए।

बैठक में हीटवेव से बचाव के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने, नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, चिकित्सा व्यवस्थाएं मजबूत करने तथा आवश्यक संसाधनों जैसे टॉर्च, रस्सियां, कट्टे आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पतालों में ठंडे पानी, कूलर, ओआरएस तथा मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रबंध करने को कहा गया।

नगर निकायों को नालों-नालियों की सफाई, रैन बसेरों में व्यवस्थाएं, पेयजल व बिजली की आपूर्ति तथा सार्वजनिक स्थानों पर छाया व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पशुओं के लिए गौशालाओं में पानी की व्यवस्था, परिंडों में जल भराव एवं बरसात के बाद उनकी सफाई पर भी जोर दिया गया।

जल संसाधन विभाग को बांधों की स्थिति पर सतत निगरानी रखने, नाव व गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं पुलिस, सिविल डिफेंस व सार्वजनिक निर्माण विभाग को संभावित दुर्घटनास्थलों की पहचान कर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने को कहा गया।

शिक्षा एवं आईसीडीएस विभाग को निर्देश दिए गए कि स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों की छतों की मरम्मत मानसून से पूर्व पूर्ण कर ली जाए। रसद विभाग को पेट्रोल, डीजल व गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा परिवहन विभाग को संवेदनशील पुलियाओं पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### एक क्लिक की लापरवाही बन सकती है बड़ी परेशानी



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** डिजिटल दुनिया में बढ़ते साइबर खतरों को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर ने ''ट्रांसफॉर्मिंग ट्यूजडे'' अभियान के तहत विद्यार्थियों को जागरूक करने की मुहिम तेज कर दी है। इसी क्रम में सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्यावर में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री कमल कुमार ने सीधे संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर अपराधों की वास्तविकताओं से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इंटरनेट जितना उपयोगी है, उतना ही जोखिम भरा भी हो सकता है, यदि इसका उपयोग सावधानी से न किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को आगाह करते हुए कहा कि एक छोटी सी लापरवाही जैसे किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करना या अनजान व्यक्ति के साथ जानकारी साझा करना, बड़ी आर्थिक और व्यक्तिगत हानि का कारण बन सकती है।

### सांसद भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में दिशा बैठक सम्पन्न, पंच गौरव कैलेंडर का हुआ विमोचन




**चमकता राजस्थान/अनिल शेखर/करौली।** धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में आज जिला परिषद सभागार, धौलपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

सांसद भजनलाल जाटव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर विशेष चर्चा की गई। सांसद ने कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा समयबद्ध तरीके से योजनाओं को पूर्ण करने पर जोर दिया।

बैठक उपरांत सांसद द्वारा ''पंच गौरव कैलेंडर'' का विधिवत विमोचन भी किया गया। इस कैलेंडर में जिले की प्रमुख उपलब्धियों एवं विकास कार्यों को दर्शाया गया है, जो आमजन को जानकारी प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला प्रमुख, जनप्रतिनिधि, जिला कलेक्टर, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पत्रकारों ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग



**चमकता राजस्थान/ब्यूरो चीफ जेके बावल/पाली।** सोजत इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) सोजत उपशाखा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम उपखंड कार्यालय के माध्यम से एक संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में जैसलमेर कलेक्टर द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की आवाज दबाने के लिए कथित रूप से की गई विधि-विरुद्ध कार्रवाई पर चिंता जताई गई। ज्ञापन में IFWJ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय अध्यक्ष उपेंद्रसिंह राठौड़ के साथ हुए प्रशासनिक अन्याय की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

इस क्रम में प्रदेश प्रतिनिधि अरुण कुमार जोशी एवं सोजत उपखंड अध्यक्ष कैलाश गहलोत के नेतृत्व में उपखंड क्षेत्र के पत्रकारों ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पत्रकारों ने ''पत्रकार एकता जिंदाबाद'' के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में धन्नाराम परिहार, चेतन व्यास, प्रकाश राठौड़, अब्दुल समद राही, राजेश शर्मा, मीठालाल पंवार, ओमप्रकाश बौराणा, महावीर गहलोत, आमिर रजा, दिलखुश गहलोत, संजय परिहार, भुवनेश टांक, नत्थाराम बौराणा, हरिश गहलोत, अकरम खान, अशोक गहलोत, अजय जोशी, गजेंद्र गहलोत, राकेश गहलोत, राजेंद्रसिंह राठौड़, भवानीसिंह बागावास, ललित शर्मा, अशोक सोलंकी, गोविंद गर्ग, उगमराज चौहान, हडवंतसिंह चंडावल सहित अनेक पत्रकारों के हस्ताक्षर शामिल रहे।

# विद्याधर नगर में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यशाला में किया संगठन सशक्तिकरण का आह्वान

चमकता राजस्थान







**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भवानी निकेतन मंडल की वार्ड संख्या 9 में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

कार्यशाला में उपमुख्यमंत्री ने बूथ सशक्तिकरण, संगठन विस्तार और आमजन से निरंतर संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का आ''ान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि जनता के सहयोग से विकास को नई गति मिल रही है और बीजेपी आम कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्र निर्माण में सभी का महत्वपूर्ण योगदान है तथा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे हर क्षेत्र में जिम्मेदारी निभा सकें। सरकार सबको साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मेट्रो की घोषणा से जनता को सीधा लाभ मिलेगा और आने वाले समय में और भी कल्याणकारी योजनाएं शुरू की जाएंगी।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्री जयंत कुमावत जी, वार्ड अध्यक्ष श्री घनश्याम सैनी जी, पार्षद श्री राधे श्याम शर्मा जी, पार्षद प्रत्याशी श्री भंवर सिंह जी, श्री सुरेन्द्र सिंह जी राजपुरा, श्री संजीत सिंह जी चौहान, श्री तरुण जी खटोड़, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ कार्यकारिणी, विकास समिति अध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी, बीएलए-2 तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।

## हज़रत नन्ने शाह शिराजी का 87वा उर्स ग्राम इस्लाम पुर में हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक

**कव्वाली का रगा रंग आयोजनसांसद विधायक सहित जनप्रतिनिधि होगे सम्मिलित**

चमकता राजस्थान



**खरगोन।** खंडवा जिले के पधाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिराला में हज़रत नन्ने शाह शिराजी का 87वा उर्स मनाया जाएगा16,अप्रेल2026, गुरुवार को सदल शरीफ महाराष्ट्र के बैंड बाजा के साथ हज़रत नन्ने शाह शिराजी की बारगाह में चादर पेश की जाएगी हजारों की संख्या में सदल शरीफ में भक्त उपस्थित रहेंगे एवं 17, अप्रेल 2026,को रगा रंग कव्वाली का आयोजन किया जाएगा मंच पर कवालन परवीन अजमेरी कववालन अहमद नगर महाराष्ट्र एवं कव्वाल सुल्तान नाजा टी वी सिंगर मुंबई के द्वार कव्वाली की शानदार प्रस्तुति दी जाएंगी कार्य क्रम का आयोजन शेख़ हाफ़ज़ि बाबा खादिम ए दरगाह के द्वारा उर्स का संचालन किया जाएगा इस अवसर विजय शाह कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासनखंडवा अर्चना चिटनिस विधायक बुरहानपुर सुश्री मंजू दादू विधायक नेपानगरसंसदीय क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे पंधाना विधायक श्रीमती छाया बाई गोविंद मोरे भारतीय जनता पार्टी की खरगोन जिला अध्यक्ष मती नंदा ब्राह्मणे सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटील सहित हजरत नन्हे शाह सिरजी जी के 87 उर्स में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगें इस अवसर पर आस पास के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे समस्त हिन्दू मुस्लिम एकता धर्म प्रेमी जनता से अपील की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्य क्रम की शोभा बढाये हज़रत नन्ने शाह शिराजी 87वा उर्स पन्ना लाल थाटे पुर्व मंडल अध्यक्ष पधाना ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्य क्रम की शोभा बढाये कमेंटी आप सभी का हार्दिक हार्दिक अभिनन्दन करता है

### एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न



**चमकता राजस्थान/पटना।** सोमवार को इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (ISTD) पटना चैप्टर एवं सिपेट, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में ISTD पटना चैप्टर के वाइस चेयरमैन डॉ. नीलेश नारायण प्रसाद ने विशिष्ट वक्ता एवं प्रस्तुतकर्ता के रूप में अपना संबोधन दिया। उनके व्याख्यान को उपस्थित प्रतिनिधियों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया।

इसी मंच पर डॉ. प्रसाद को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। सिपेट हाजीपुर के निदेशक डॉ. यू.पी. सिंघ, ISTD के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल शाह एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री नबाघना पण्य ने संयुक्त रूप से उन्हें पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया।


उद्घाटन सत्र दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें एमआईटी मुजफ्फरपुर के प्रिंसिपल प्रो. मिथिलेश कुमार झा, ISTD पटना चैप्टर के चेयरमैन श्री आनंद गिरी, एनसी सदस्य श्री अश्विनी कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सम्मान प्राप्त करने के उपरांत डॉ. नीलेश नारायण प्रसाद ने कहा, ''यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। ISTD पटना चैप्टर तथा सिपेट, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। इस तरह के मंच ज्ञान-साझाकरण और नेतृत्व विकास के लिए आवश्यक हैं।''

सम्मेलन में प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं उत्पादकता वृद्धि पर गहन चर्चा हुई, जिसमें उद्योग एवं शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### कुण्डल तहसील मुख्यालय क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत सिंडोली में जगह-जगह पर लगे हुए हैं कचरे की ढेर पंचायत प्रशासन ग्रामीणों की सूचना के बाद भी नहीं दे रहा है ध्यान

- **ग्रामीणों की नहीं की जा रही सुनवाई**



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** ग्राम पंचायत सिंडोली में इन दोनों जगह पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं जबकि ग्राम पंचायत द्वारा साफ सफाई के नाम पर हर महीने हजारों रुपए खर्च किए जाते हैं लेकिन वह सफाई व्यवस्था सिर्फ कागजों तक ही सीमित कर रह जाती है ग्रामीणों ने बताया कि ना तो समय पर कचरे की गाड़ी आती है और ना हीं समय पर कचरा उठाया जाता है और नहीं समय पर साफ सफाई की जाती है इस दौरान साफ सफाई व्यवस्था नहीं होने के कारण गांव में कई जगहो पर गंदा पानी व कचरे की ढेर लगे हुए हैं जिनसे मौसमी बीमारी व मच्छर पनपने की संभावना बनी हुई है।

ग्राम पंचायत सिंडौली में कचरे के ढेर लगने से आए दिन मक्खी,मच्छर पनप रहे हैं और ग्रामीणों में संक्रमित बीमारियां फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। जबकि ग्राम विकास अधिकारी रचना पुनिया ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में सफाई समय पर करवाई जाती जा है। जबकि ग्रामीणों ने कहा कि अगर साफ सफाई व्यवस्था समय पर दुरुस्त नहीं की जाती है और अगर साफ सफाई व्यवस्था समय पर नहीं हुई तो कुण्डल तहसील मुख्यालय पर तहसीलदार को ज्ञापन दिया जाएगा।

### जयस्थल में शिक्षा की ओर बढ़ता कदम, राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय अब सामुदायिक भवन में होगा संचालित

**चमकता राजस्थान/जयस्थल (राजस्थान)।** ग्राम पंचायत जयस्थल में शिक्षा के स्तर को सुधारने और संस्कृत भाषा के संरक्षण की दिशा में सरपंच श्री शुभांक दोराश्री ने एक सराहनीय निर्णय लिया है। उन्होंने शिक्षक लोकेश कुमार मीणा की प्रार्थना पर राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय जयस्थल के सुचारू संचालन हेतु गाँव के सामुदायिक भवन को उपयोग में लेने का मौखिक आदेश जारी किया है।

- **विद्यालय की समस्या का समाधान:**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवीन राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय के लिज स्वयं के पर्याप्त भवन या सुविधाओं के अभाव में कठिनाइयों का सामना कर रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सरपंच शुभांक दोराश्री ने शिक्षा हित में बड़ा कदम उठाया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों की उपस्थिति में मौखिक रूप से आदेश दिया कि जब तक विद्यालय के स्थायी भवन की व्यवस्था सुदृढ़ नहीं होती, तब तक कक्षाएं सामुदायिक भवन में लगाई जाएं ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो।

- **ग्रामीणों ने जताया आभार:**

सरपंच के इस त्वरित निर्णय से विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच साहब का यह सहयोग न केवल बच्चों के भविष्य को संवारेगा, बल्कि देवभाषा संस्कृत के प्रति उनके जुड़ाव को भी दर्शाता है। विद्यालय परिवार ने इस सहयोग के लिए सरपंच श्री शुभांक दोराश्री का हृदय से आभार प्रकट किया है।

- **शिक्षा के प्रति समर्पण:**

सरपंच श्री शुभांक दोराश्री ने बताया कि ₹गाँव का विकास तभी संभव है जब हमारी आने वाली पीढ़ी शिक्षित हो। राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय के बच्चों को बैठने में समस्या आ रही थी, इसलिए सामुदायिक भवन को उनके अध्ययन हेतु उपलब्ध कराया गया है। हमारी प्राथमिकता विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाना है। शिक्षक मीणा ने बताया की आज तक नामांकन के लिए चिह्नित बच्चों की संख्या 40 हे तथा सामुदायिक भवन की सफाई करवा दी गई हैं। शुक्रवार से शिक्षण कार्य सुचारू रूप से आरंभ कर दिया गया है। सामुदायिक भवन में गूँजेंगे संस्कृत के श्लोक, सरपंच ने दिए आदेश।

### 11 अप्रैल 2026 को महात्मा ज्योतिबा फूले जी की 199 जयंती मनाई जाएगी



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक/ श्रीनगर अजमेर।** महात्मा ज्योतिबा फूले समता परिषद के अध्यक्ष पूनमचंद मरोठिया ने बताया की कार्यक्रम के पूर्व संध्या पर सर्किल पर दीपदान का कार्यक्रम रखा गया जिसमे समाज की सभी संस्थाय उपस्थिति रहगी

जयंती पर सुबह १० बजे मलयापर्ण किया जाएगा

जयंती में मुख्य कार्यक्रम में एक भव्य विशाल वाहन रेली का आयोजन किया जा रहा हे

रैली की जिमेदारी संयोजक हिमांशु टांक मरोठिया जी को दी गई हे

हिमाशु जी ने बताया की रैली में 200 चौपहिया वाहन, 1000 दुपैहिय वाहन 21 घोड़े 4 बग्गी 15 झांकिया के साथ बेंड की धुन और फुले बाबा के भजनों गानो के साथ में रेली का शुभारंभ किया जाएगा रैली मनुहार गार्डन से आरंभ होकर नगरा मार्टिन ब्रिज ,गवेमेंट कॉलेज ,केसरगंज ,पड़ाव ,मदार गेट ,चूड़ीबाजार, नया बाजार, आगरा गेट ,जयपुर रोड ,अम्बेडकर सर्किल से होकर ज्योतिबा फुले सर्किल पर खत्म होगी। रेली का मुख्य आकर्षण सुंदर आकर्षित झांकिया होगी रेली का मुख्य मार्गो पर भव्य स्वागत किया जाएगा

हिमांशु जी ने बताया की रेली के समापन के बाद आतिशबाजी ११०० दीप प्रजोलित किए जाएगे और बेंड की धुन में महा आरती की जाएगी

रेली के बाद एक विशाल निशुल्क मेले का आयोजन किया जा रहा हे जिसकी जिमेदारी पूर्व पार्षद चंद्रेश जी सांखला एवम उनकी पूरी टीम को दी गई हे

कार्यक्रम व संस्था अध्यक्ष -पूनमचंद मरोठिया
कार्यक्रम संयोजक -हिमाशु टांक मरोठिया जी
संहसंयोजक - संदीप जी तंवर , धर्मेंद्र जी सूईवाल
कार्यक्रम कोषाध्यक्ष -मनीष जी मरोठिया

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर में 23.50 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास व लोकार्पण

चमकता राजस्थान


**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के विद्याधर नगर मंडल की वार्ड संख्या 2 में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने 23.50 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनों और युवाओं से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती, जनकल्याणकारी योजनाओं और जनसेवा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता ''राष्ट्र प्रथम'' की भावना के साथ निरंतर सेवा और समर्पण के मार्ग पर अग्रसर है। वही उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को और अधिक सशक्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल जी, वार्ड 5 प्रत्याशी श्री मनदीप जी, वार्ड 4 पार्षद प्रतिनिधि श्री सुनील कारोड़िया जी, वार्ड संयोजक श्री रोशन जी, उपाध्यक्ष श्री ओम सिंह आकोडिया, श्री नेमीचंद जी सेन, श्री रोहिताश सिंह जी, श्री बलदेव सिंह जी, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ कार्यकारणीय, बीएलए-2 तथा वार्ड की देवतुल्य जनता उपस्थित रही।



## न्यूज अपडेट

### भतीजे की प्रेमिका और चाचा की हवस

● **दिल्ली के पीजी में बेड बॉक्स में मिली लाश की पूरी कहानी**



**नयी दिल्ली।** तीन बच्चों की मां, उम्र में छोटा प्रेमी, पीजी के कमरे में मुलाकात और हवस मिटाने के इरादे से बाहर बैठे दो अधेड़। इसके बाद कुछ ही घंटों के भीतर दिल्ली के मंगोलपुरी में जो कुछ घटा वह बेहद हैरान करने वाला है। प्रेमी के चाचा और उसके दोस्त संग संबंध बनाने से इनकार करने पर महिला को बेहरमी से मार डाला गया। बाद में लाश को बेड के बॉक्स में डालकर भाग गए। पीजी मालिक ने बाद में जब बॉक्स से बाहर लटकते पैर को देखा तो वह सन्न रह गया। 35 साल की महिला मंगलवार को मंगोलपुरी में अपने प्रेमी से मिलने गई थी, जो उससे उम्र में 13 साल छोटी थी। बुधवार को जांचकर्ताओं ने बताया कि किस तरह इस खौफनाक घटना को अंजाम दिया गया। घटना तब सामने आई जब उसी दिन शाम को करीब 7 बजे मंगोलपुरी थाने में एक पीसीआर कॉल की घंटी बजी और कॉलर ने पत्थर मार्केट की एक इमारत में महिला की लाश मिलने की सूचना दी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी प्रेमी, उसके 50 साल के चाचा और चाचा के दोस्त (52) को गिरफ्तार कर लिया है। सभी मंगोलपुरी के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित महिला मंगोलपुरी की रहने वाली है और घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। महिला यहां अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थी। उसका चिकन की दुकान चलाने वाले एक आरोपी से प्रेम संबंध था। मंगलवार को शाम करीब 4.30 बजे महिला प्रेमी से मिलने के लिए उस पीजी में पहुंची थी। दोनों एक कमरे में करीब एक घंटे तक बंद रहे। इस दौरान दो अन्य आरोपी हवस मिटाने का इरादा लिए उसी पीजी में मौजूद थे। पीजी मालिक ने पुलिस को बताया कि 22 साल के आरोपी ने उससे कहा था कि वह एक महिला से मुलाकात करना चाहता है और इसके लिए कुछ घंटों के लिए कमरा चाहिए। शाम को जब वह वापस आया तो पाया कि कमरा खुला हुआ था और वह शख्स गायब था। अंदर जाने पर उसने देखा कि बॉक्स के बक्से से एक महिला का पैर बाहर निकला हुआ है। बॉक्स खोलने पर उसने महिला का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। जॉइंट कमिश्नर जतिन नरवाल ने कहा, 'शरीर पर गला घोंटने के निशान थे और माथे पर जख्म थे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।' रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात की पुष्टि होगी कि क्या हत्या से पहले तीनों ने उसके साथ यौन शोषण किया था।

### बिहार में सीएम फेस पर सस्पेंस

● **सम्राट चौधरी के समर्थन में लगे पोस्टर पर बवाल; बीजेपी ने क्यों हटवाया?**




**पटना।** बिहार की राजनीति में इन दिनों अगले मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। इस बीच गृह मंत्री सम्राट चौधरी का नाम सबसे प्रमुख दावेदार के रूप में सामने आ रहा है।गुरुवार को एक ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा सदस्यता की प्रक्रिया के लिए दिल्ली रवाना हुए, वहीं सम्राट चौधरी के भी दोपहर 3:20 बजे की फ्लाइट से दिल्ली जाने की खबर ने सियासी सरगर्मी और बढ़ा दी है।

● **भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर लगा था पोस्टर**

इसी बीच पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर एक पोस्टर लगाए जाने से नया विवाद खड़ा हो गया। पोस्टर में 'बाल्मीकि समाज संघ' के नाम से अपील करते हुए 'बिहार में हो सम्राट की सरकार' की मांग की गई थी। हालांकि पोस्टर लगने के कुछ ही देर बाद वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे फाड़कर हटा दिया। भाजपा की ओर से स्पष्ट किया गया कि यह पोस्टर पार्टी द्वारा नहीं लगाया गया था और इसका पार्टी से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है।

● **क्यों लगाया गया पोस्टर**

पोस्टर पर सम्राट चौधरी के साथ राजेश कुमार बाल्मीकि की तस्वीर भी लगी थी, जिसके सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। अब सवाल उठ रहे हैं कि पोस्टर लगाने के पीछे मकसद क्या था–क्या यह किसी समर्थक की पहल थी या फिर सियासी माहौल को प्रभावित करने की कोशिश ?लफिलहाल पोस्टर हटाए जाने की घटना ने सम्राट चौधरी के नाम को लेकर चल रही चर्चा को और हवा दे दी है।

### चोरी के आरोपी को पकड़कर महाराष्ट्र ले जा रही थी पुलिस

● **रास्ते में बोला- टॉयलेट जाना है; कार रोकी तो हथकड़ी सहित भाग निकला**



**खरगोन।** खरगोन जिले के बलकवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बलगांव निवासी आरोपित को बुधवार को महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना अमलनेर महाराष्ट्र की पुलिस जब आरोपित को अपने साथ महाराष्ट्र ले जा रही थी, इस दौरान धार जिले के खलघाट टोल से आरोपित हथकड़ी सहित फरार हो गया। आरोपित लघुशंका का बहाना करके वाहन से उतरा था और पुलिस टीम कुछ समझ पाती, वह फरार हो गया। धामनोद पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक नामदेव बोरकर, थाना अमलनेर जिला जलगांव (महाराष्ट्र) अपनी टीम के साथ चोरी के प्रकरण में आरोपित को गिरफ्तार करने आए थे। उनके साथ पुलिस स्टाफ और एक निजी वाहन चालक भी मौजूद था।आरोपी फरीद पिता मंजुर खान निवासी बलगांव तहसील कसरावद, थाना अमलनेर के अपराध क्रमांक 157/26, धारा 303(2) बीएनएस में संदेही था। आरोपित को गिरफ्तार कर महाराष्ट्र जाते समय, खलघाट टोल के पास आरोपित ने लघुशंका जाने की अनुमति मांगी। पुलिस ने वाहन रोककर उसे उतारा, लेकिन इसी दौरान आरोपित ने चालाकी दिखाते हुए चकमा देकर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। घटना के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में आरोपी की तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। इस पर महाराष्ट्र पुलिस ने धामनोद थाने पर सूचना दी। धामनोद पुलिस के एएसआई सावन मुवेल ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस की शिकायत पर धारा 262 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश जारी की है।

# गुजरात में बीजेपी को बड़ा झटका

## कई बड़े आदिवासी नेताओं ने छोड़ी पार्टी; कांग्रेस का थामा दामन

**दाहोद।**

भारतीय जनता पार्टी को गुजरात में बड़ा झटका लगा है। यहां के दाहोद में कई बड़े आदिवासी नेताओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इस दौरान कई बड़े नेताओं ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार में आदिवासियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। दाहोद में बीजेपी के कई वरिष्ठ आदिवासी नेताओं ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। इनमें जिला पंचायत सदस्य महेशभाई मच्छर और पूर्व सरपंच जयंतिभाई जैसे नाम शामिल हैं। सभी नेताओं ने राजीव गांधी भवन में औपचारिक रूप से कांग्रेस की सदस्यता ली। पार्टी छोड़ने वाले नेताओं का कहना है कि वे सरकार की आदिवासी मुद्दों पर नीतियों से लंबे समय से असंतुष्ट थे।पार्टी छोड़ने और कांग्रेस जॉइन करने वाले महेशभाई मच्छर ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा है और आदिवासी समुदाय को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब वे कांग्रेस की विचारधारा के जरिए अपने समाज की समस्याओं का समाधान चाहते हैं। कांग्रेस ने इस घटनाक्रम को आदिवासी क्षेत्रों में बढ़ती नाराजगी का संकेत बताया। पार्टी के मीडिया संयोजक डॉ. मनीष दोशी ने आरोप लगाया कि सरकार ने आदिवासी समाज को वन अधिकार, शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा है। उन्होंने छोटा उदयपुर में कथित फर्जी कार्यालय और दाहोद में ट्राइबल सब-प्लान फंड में गड़बड़ी जैसे मुद्दे भी उठाए। इसी बीच नवसारी में कांग्रेस ने अपना कमिटमेंट डॉक्यूमेंट जारी किया, जिसे पार्टी पीपल्स मैनिफेस्टो बता रही है। पार्टी का दावा है कि यह दस्तावेज़ महीनों तक चले डोर-टू-डोर कैंपेन और 'जन मंच' के जरिए लोगों से सीधे संवाद के आधार पर तैयार किया गया है। इस मैनिफेस्टो में स्थानीय स्तर पर जवाबदेही बढ़ाने पर खास जोर दिया गया है। इसमें सड़कों के निर्माण पर 'जनता ऑडिट', नगर स्कूलों का आधुनिकीकरण, 24 घंटे वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य केंद्र और महिलाओं के लिए फ्री सिटी बस सेवा जैसी घोषणाएं शामिल हैं।



# रोड अलाइनमेंट बदलने को 75 लाख रु. की मांगी घूस, दलाल-एक्सईएन गिरफ्तार

### जयपुर में रात 12 बजे कार्रवाई : 50 लाख में सौदा, कंसलटेंसी कंपनी चलाता है दलाल

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। झुंझुनूं के बग्गड़ इलाके में जमीन बचाने के लिए बाईपास का अलाइनमेंट बदलवाने के लिए 33 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए एसीबी ने दलाल याकूब अली और पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राकेश कुमार को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी के डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि 10 दिन पहले पीड़ित ने शिकायत दी थी कि बग्गड़ में बाईपास निकल रही इसमें उसकी जमीन आ रही है। ऐसे में सड़क का अलाइनमेंट बदलवाने के लिए झुंझुनूं के किठाना निवासी दलाल याकूब अली और एक्सईएन राकेश कुमार ने 75 लाख रुपए मांगे थे। सत्यापन के दौरान पीड़ित ने सौदा 50 लाख रुपए में तय हो गया। शुक्रवार रात को याकूब ने पैसे लेकर पीड़ित को चौमूं पुलिया के पास सीकर रोड पर बुलाया था। उसने जैसे ही रिश्वत के 33 लाख रुपए लिए एसीबी के एडिशनल एसपी संदीप सारस्वत की टीम ने उसे दबोच लिया।




### सरकारी गाड़ी में घूस लेने आया था दलाल

इसके बाद एडि. एसपी संदीप सारस्वत के सामने ही याकूब ने एक्सईएन राकेश को कॉल कर पैसे मिलने की जानकारी दी। इस पर एसीबी की दूसरी टीम ने चिड़ावा से उसे भी पकड़ लिया। याकूब वैशाली नगर में 'झुंझुनूं इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से कंपनी चलाता है। यह कंपनी सरकार की ओर से नोटिफाइड है। बग्गड़ में स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए बनाई जा रही बाईपास का सड़क अलाइनमेंट का काम भी इसके पास ही था। ऐसे में याकूब ही री-अलाइनमेंट के नाम पर अधिकारियों की दलाली कर रहा था। एसीबी एक्सईएन और दलाल के मोबाइल की जांच करा रही है। दूसरी ओर, एसीबी जांच कर रही है कि 33 लाख रुपए की रिश्वत कहां-कहां बंटने वाली थी। इसके संबंध में अन्य अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### क्या है मैडमैन थ्योरी, ट्रंप ने ईरान युद्ध में किया इसका इस्तेमाल?



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हाल ही में हुए युद्ध में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, उस पर बड़े सवाल उठे। उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने को लेकर ईरान को दी गई धमकी में शब्दों की सीमाएं लांघ दीं। इसके बाद ट्रंप ने अपने एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में ईरानी सभ्यता को भी मिटाने की बात की। इस तरह की भाषा को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति की खूब आलोचना हुई है। हालांकि अब रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई है कि यह सब कुछ अमेरिका की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा था। इस रणनीति का नाम है- मैडमैन थ्योरी। मैडमैन थ्योरी वही रणनीति है, जिसे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन से जोड़ा जाता है। दरअसल वियतनाम युद्ध के समय निक्सन चाहते थे कि दुश्मन यह माने कि वह किसी भी हद तक जा सकते हैं। निक्सन ने यहां तक कहा था कि वह पूरे देश को तबाह कर सकते हैं और जरूरत पड़ी तो परमाणु बम का इस्तेमाल भी करेंगे। उन्होंने अपने सलाहकारों से कहा था कि दुश्मन को इस तरह का संदेश दे दिया जाए। उन्होंने अपने सहयोगियों से भी कहा था कि दुश्मन नेताओं को यह बताया जाए कि वह कुछ हद तक 'पागल' हैं। मकसद था डर और अनिश्चितता पैदा करना, ताकि विरोधी झुक जाए। इसे ही मैडमैन थ्योरी का नाम दिया गया। ईरान युद्ध में ट्रंप भी कुछ ऐसी ही रणनीति दिखाते नजर आए। बता दें कि इससे पहले बीते 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर बड़ा हमला कर दिया। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की भी मौत हो गई और पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया। इसके बाद ट्रंप के बयान बेहद आक्रामक और अचानक बदलते रहे। उन्होंने कई बार ईरान को 'सभ्यता खत्म कर देने' और 'पाषाण युग में भेजने' जैसी धमकियां दीं। हालांकि महाविनाश की धमकी देने के कुछ घंटों बाद ही ट्रंप ने सीजफायर को सहमति दे दी।

# बारामती में उपचुनाव नड़ी लड़ेगी कांग्रेस

## अजित पवार को श्रद्धांजलि के तौर पर लिया बड़ा फैसला

**बारामती।**

महाराष्ट्र की राजनीति में बारामती विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ा मोड़ आया है। कांग्रेस ने एलान किया है कि वह इस उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। यह फैसला पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद सम्मान जताने के तौर पर लिया गया है। इस निर्णय के बाद अब बारामती सीट पर चुनाव का माहौल पूरी तरह बदल गया है। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नाथाला ने साफ कहा कि पार्टी ने अपने उम्मीदवार को मैदान से हटाने का निर्देश दे दिया है। कांग्रेस के उम्मीदवार आकाश मोरे ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन अब उसे वापस लिया जाएगा। नामांकन वापस लेने का आज आखिरी दिन था, इसलिए यह फैसला अहम माना जा रहा है।कांग्रेस ने कहा कि यह उपचुनाव अजित पवार के दुखद निधन के कारण हो रहा है, इसलिए पार्टी ने सम्मान के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया। पार्टी का मानना है कि ऐसे समय में राजनीतिक मुकाबले से दूर रहना उचित है। यह कदम राजनीतिक मर्यादा और संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर उठाया गया है। इस फैसले से पहले कई नेताओं ने कांग्रेस से चुनाव न लड़ने की अपील की थी। शरद पवार, सुप्रिया सुले और रोहित पवार समेत कई नेताओं ने कांग्रेस से उपचुनाव को निर्विरोध कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि यह चुनाव एक दुखद घटना के बाद हो रहा है, इसलिए इसे सम्मानजनक तरीके से होना चाहिए।



● **क्यों लिया कांग्रेस ने चुनाव न लड़ने का फैसला?**

कांग्रेस ने कहा कि यह उपचुनाव अजित पवार के दुखद निधन के कारण हो रहा है, इसलिए पार्टी ने सम्मान के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया। पार्टी का मानना है कि ऐसे समय में राजनीतिक मुकाबले से दूर रहना उचित है। यह कदम राजनीतिक मर्यादा और संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

### दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर जदयू का प्रतिनिधिमंडल एसएसपी से मिला

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के निर्देश पर जनता दल (यूनाइटेड) का एक प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिला और टाटा फुटबॉल अकादमी के समीप एक महिला पर असामाजिक तत्वों द्वारा चाय फेंकने की घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती हैं, बल्कि आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसे मामलों में त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने टाटा मेन हॉस्पिटल पहुंचकर पीड़िता से मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य कदिया। इस दौरान यह भी जानकारी दी गई कि विधायक सरयू राय वर्तमान में शहर में उपस्थित नहीं हैं, किंतु उनके लौटते ही वे पीड़ित परिवार से भेंट करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में सुबोध श्रीवास्तव, अजय कुमार, नीरज सिंह, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, सूरज यादव, चुन्नू भूमिज एवं अतुल सिंह शामिल थे।

# एटा में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

## हिन्दू परिवार ने मुस्लिम रीति से दी चमन मियां को अंतिम विदाई

**एटा।**

उत्तर प्रदेश के एटा में साम्प्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी संस्कृति की अनोखी मिसाल देखने को मिली है। यहां के मारहरा कस्बे में 75 वर्षीय चमन मियां, जो पिछले 66 वर्षों से एक हिंदू परिवार के साथ रह रहे थे, का निधन हो गया। जिसके बाद हिन्दू परिवार ने मुस्लिम रीति रिवाज के साथ उनकी अंतिम विदाई की। कस्बा मारहरा के मोहल्ला ब्रहम्मनपुरी में डॉ. सुबोध सक्सेना रहते हैं जो यहां के एक प्रतिष्ठित डॉक्टर है. डॉ सुबोध के दादा दादा शारदा सरन सक्सेना महज़ दस साल की उम्र में चमन मियां अपने घर लाए थे, जिसके बाद उनकी पूरी परवरिश की, दस साल की उम्र से ही चमन सक्सेना परिवार का अभिन्न अंग बन गए थे। शारदा सरन सक्सेना के निधन के बाद उनके बेटे डॉ. विमलचंद्र सक्सेना ने भी पिता की तरह चमन मियां का पालन किया और उन्हें अपने परिवार की तरह रखा। साल 2018 में डॉ. विमल सक्सेना का भी निधन हो गया, जिसके बाद उनके बड़े बेटे डॉ. सुबोध सक्सेना ने भी उनकी जिम्मेदारी को संभाला और आगे बढ़ाया। पिछले कुछ समय से चमन मियां की तबीयत ठीक नहीं चल रही थी, जिसके बाद बुधवार को उन्होंने उसी घर में अंतिम सांस ली। चमन मियां शुरू से हिंदू परिवार में रहने के कारण नमाज के साथ-साथ पूजा-पाठ भी किया करते थे। उनकी मौत के बाद भी सक्सेना परिवार ने उनका अंतिम संस्कार मुस्लिम रीति रिवाज से कराया।




● **डॉ. सुबोध सक्सेना ने दी कब्र को मिट्टी**


मुस्लिम रिवाजों के मुताबिक जनाजे से पहले नमाज अदा की गई, जिसमें सक्सेना परिवार के डॉ. सुबोध सक्सेना, अमित सक्सेना, सुमित सक्सेना के अलावा अन्य हिंदू समुदाय के लोग भी शामिल रहे। बाद में सक्सेना परिवार के सदस्यों ने नगला कोठी स्थित कब्रिस्तान में चमन मियां को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, बड़े बेटे का फर्ज निभाते हुए डॉ. सुबोध सक्सेना ने सबसे पहले कब्र में मिट्टी दी, जिसके बाद अन्य लोगों ने मिट्टी डाली। उनकी शव यात्रा में सैकड़ों की संख्या में हिंदू और मुस्लिम लोग मौजूद रहे। मारहरा में यह पहला अवसर है जब एक हिंदू परिवार ने अपने किसी मुस्लिम की अंतिम विदाई मुस्लिम तौर-तरीके से की है।

## फाइनल सीजफायर की राह या नया टकराव?



# अमेरिका-ईरान के बीच 'पीस टॉक' पर दुनिया की निगाहें, इस्लामाबाद छावनी में तब्दील



**नयी दिल्ली।**

पाकिस्तान की मेजबानी में अमेरिका और ईरान के बीच संभावित फाइनल युद्धविराम को लेकर अहम वार्ता शुरू होने वाली है। इस्लामाबाद को अभूतपूर्व सुरक्षा घेरे में रखा गया है और पाकिस्तान इसे अपनी कूटनीतिक अग्निपरीक्षा के तौर पर देख रहा है। स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है, रेड जोन सील है और एयर स्पेस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

यह वार्ता ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिम एशिया में हालिया युद्धविराम बेहद नाजुक स्थिति में है और लेबनान पर इजरायली हमलों ने हालात को और जटिल बना दिया है।

### कौन-कौन शामिल

प्रतिनिधिमंडलों की पूरी तस्वीर - ईरानी दल गुरुवार को इस्लामाबाद पहुंच चुका है। इसमें सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहम्मद बाकिर जोलकद्र, ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद-बगेर कालीबाफ, और विदेश मंत्री अब्बास अरागची शामिल हैं।अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को पहुंचेगा, जिसकी अगुवाई उप राष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे।उनके साथ मिडिल ईस्ट के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, और जेरेड कुशनर भी शामिल होंगे।इसके बाद शनिवार को इस्लामाबाद के सेरेना होटल में औपचारिक वार्ता होगी।

### अभूतपूर्व सुरक्षाः इस्लामाबाद 'रेड अलर्ट' पर

वार्ता स्थल सेरेना होटल को पूरी तरह खाली करा लिया गया है। आसपास की सड़कें सील हैं और राजधानी में आवागमन पर कड़ी पाबंदियां हैं। एयरस्पेस की निगरानी बढ़ा दी गई है।रेड ज़ोन पूरी तरह बंद है।अस्पतालों और रेस्क्यू एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। फरवरी में हुए आत्मघाती हमले और अफगान सीमा से जुड़े सुरक्षा खतरों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सामान्य से कहीं अधिक कड़ी की गई है। पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने अमेरिकी चार्जे डी'अफेयर्स नैटली बेकर को भरोसा दिलाया कि विदेशी मेहमानों को फूलप्रूफ सुरक्षा दी जाएगी।



## जब तक लेबनान पर हमले नहीं रुकेंगे, यूएस से बात नहीं होगी'

### ईरान ने इस्लामाबाद बैठक स्थगित करने के दिए संकेत

**नयी दिल्ली।**

अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध पर दो सप्ताह के लिए विराम लग गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर का एलान किया था, हालांकि, इसके बावजूद इजरायल लेबलान पर लगातार हमले कर रहा है। सीजफायर के बीच अमेरिका-ईरान के बीच पाकिस्तान में बैठक होनी थी, लेकिन अब ये बैठक स्थगित होने की संभावना है। दरअसल, सीजफायर के बाद अमेरिका-ईरान के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बैठक होने की चर्चा थी। बैठक में मौजूदा हालात पर बातचीत होनी थी। लेकिन इससे पहले ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच होने वाली बातचीत स्थगित हो सकती है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, अगर इजरायल लेबनान पर ऐसे ही हमला करना जारी रखता है तो ईरान शनिवार को इस्लामाबाद में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ होने वाली बातचीत को स्थगित कर सकता है। इस घटनाक्रम से मध्य पूर्व में तनाव कम करने के उद्देश्य से किए जा रहे राजनयिक प्रयासों के पटरी से उतरने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मंगलवार की डेडलाइन के बीच , मंगलवार को अमेरिका और ईरान दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए। दोनों देशों के बीच यह समझौता तब हुआ, जब ट्रंप कहा था कि उन्होंने शहबाज शरीफ और पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर से बात की थी, जिन्होंने युद्धविराम का अनुरोध किया था। गौरतलब है कि अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर तो हुआ है, लेकिन इजरायल के रूख में कोई कमी नहीं आई है। वो इस बात पर कायम है कि ईरान और अमेरिका के बीच हुए इस समझौते में हिज्बुल्लाह शामिल नहीं है, और न ही उसका ईरान से कोई लेना-देना है।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस' पर बोले गृह मंत्री अमित शाह

- संघर्षों से जूझती दुनिया को शांति दिलाएगा सामूहिक जाप



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब विश्व के विभिन्न हिस्सों में अपने विचारों को स्थापित करने के लिए संघर्ष की स्थिति बनी हुई है, ऐसे समय में विश्व शांति और मानवता के कल्याण के लिए नवकार मंत्र का सामूहिक जाप अत्यंत सार्थक और प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि आज विश्व को शांति, सौहार्द और आपसी समझ की आवश्यकता है, जिसे इस प्रकार के आध्यात्मिक प्रयासों के माध्यम से सशक्त किया जा सकता है। गृह मंत्री गुरुवार को यहां आयोजित 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत विविध धर्मों और संप्रदायों का देश है, जहां प्रत्येक परंपरा में मंत्रों की विशेष महत्ता और आध्यात्मिक शक्ति का वर्णन मिलता है। मंत्र मानव जीवन को अच्छे मार्ग की ओर ले जाते हैं, हमारी चेतना को जागृत करते हैं और नेक इरादों को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि नवकार मंत्र का सामूहिक जाप वातावरण को शुद्ध करने और मन की अशांति को शांत करने में सहायक हो सकता है। शाह ने बताया कि नवकार मंत्र की परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है, जिसमें 24 तीर्थंकरों और उनके अनुयायियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## हुमायूं कबीर को लगा बड़ा झटका, एआईएमआईएम ने तोड़ा गठबंधन

**कोलकाता।**


पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले हुमायूं कबीर को बड़ा झटका लगा है। एआईएमआईएम यानी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने पार्टी से गठबंधन तोड़ लिया है। साथ ही एआईएमआईएम ने चुनाव अकेले ही लड़ने का ऐलान कर दिया है। खास बात है कि कबीर का एक वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने को लेकर चर्चा में आ गए थे। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें बाहर कर दिया था। एआईएमआईएम ने लिखा, 'हुमायूं कबीर की बातों से पता चलता है कि बंगाल के मुसलमान कितने असुरक्षित हैं। एआईएमआईएम

ऐसे किसी भी बयान का समर्थन नहीं कर सकती जिससे मुसलमानों के सम्मान पर आंच आए। इसलिए, आज से एआईएमआईएम ने कबीर की पार्टी के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया है। बंगाल के मुसलमान आज भी सबसे गरीब और पिछड़े हुए हैं। दशकों तक धर्मनिरपेक्ष शासन रहने के बावजूद उनके लिए कुछ नहीं किया गया।' पार्टी ने कहा, 'एआईएमआईएम का चुनाव लड़ने का मकसद यही है कि समाज के पिछड़े वर्गों को अपनी एक स्वतंत्र राजनीतिक आवाज मिल सके। अब हम बंगाल का चुनाव अकेले लड़ेंगे और भविष्य में किसी भी पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेंगे।'हुमायूं कबीर का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने पर गुरुवार को पश्चिम बंगाल में राजनीतिक विवाद छिड़ गया। वीडियो में वह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से संबंध होने और विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराने के प्रयासों का कथित तौर पर दावा करते नजर आ रहे हैं।कबीर ने वीडियो को एआई की मदद से निर्मित और उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से बनाया गया बताया है और कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी।



# जब राम विलास पासवान ने ठुकराया था बीजेपी का ऑफर

## तब पहली बार सीएम बने थे नीतीश कुमार



**पटना।**

करीब 20 साल सीएम रहने के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर दिल्ली की राजनीति में लौट गए हैं। नीतीश के जाने के साथ ही बिहार में जेपी आंदोलन से जुड़े तीन बड़े नेताओं (लालू, नीतीश, पासवान) का दौर खत्म हो गया है। नीतीश और लालू के दोबारा सीएम बनने की कोई उम्मीद नहीं है। राम विलास पासवान अब इस दुनिया में नहीं हैं। वह कभी सीएम नहीं बने, लेकिन केंद्र में अक्सर मंत्री रहे। वैसे एक मौका ऐसा आया था जब पासवान सीएम बनने का दांव खेल सकते थे। लेकिन, तब उन्होंने अलग ही दांव चल दिया था। यह मौका फरवरी 2005 के बिहार विधानसभा चुनाव में मिला था।

### सीएम बन सकते थे पासवान

फरवरी 2005 के चुनाव में पासवान की पांच साल पुरानी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) को 29 सीटें मिली थीं। वह जिसे समर्थन देते उसकी सरकार बन जाती और इसके बदले वह सीएम पद की शर्त भी रख सकते थे। लेकिन, उन्होंने एक अलग ही शर्त रख दी थी। उन्होंने कहा जो मुस्लिम सीएम बनाएगा, वह उसी को समर्थन देंगे। इस तरह राज्य में किसी की सरकार नहीं बनी और राष्ट्रपति शासन लग गया था। इससे पहले 2000 के चुनाव में पासवान को बीजेपी की ओर से सीएम पद की पेशकश हुई थी, लेकिन बहुमत साबित नहीं कर पाने का सच समझते हुए उन्होंने मना कर दिया था। तब नीतीश सीएम बने थे और कुछ ही दिन में उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। पासवान की राजनीति अलग ही तरह की थी। वह जहां अपने लिए अवसर देखते, उधर के हो जाते थे। इसीलिए विरोधी उन्हें 'राजनीति का मौसम विज्ञानी' भी कहा करते थे। करीब 51 साल के राजनीतिक जीवन में वह छह प्रधानमंत्रियों (वीपी सिंह से मोदी तक) के मंत्रिमंडल में रहे। वैसे पिछले कुछ सालों में नीतीश की भी वही छवि बन गई थी और उन्हें 'सुशासन बाबू' से ज्यादा 'पल्टू चाचा' कहा जाने लगा।



# वनतारा ने वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी साइंस के लिए दुनिया की पहली ग्लोबल यूनिवर्सिटी लॉन्च की

**आधुनिक गुरुकुल और उद्देश्य-आधारित विश्वविद्यालय के रूप में कल्पित इस यूनिवर्सिटी का मकसद भारत को वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी एजुकेशन के लिए एक ग्लोबल हब बनाना है।**

चमकता राजस्थान

**जामनगर।** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी की बनाई ग्लोबल वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन ऑर्गनाइज़ेशन, वनतारा ने जामनगर, गुजरात में वनतारा यूनिवर्सिटी शुरू करने की घोषणा की है। यह वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा विज्ञान को समर्पित दुनिया की पहली एकीकृत वैश्विक यूनिवर्सिटी होगी।

वनतारा यूनिवर्सिटी की नींव पशु कल्याण, वैज्ञानिक प्रगति और वन्यजीव संरक्षण पर आधारित है। इस संस्थान का लक्ष्य पशु चिकित्सा, संरक्षण और वन्यजीव देखभाल के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है। इसका पाठ्यक्रम भारत की सदियों पुरानी ज्ञान परंपराओं का उपयोग करके शिक्षा का एक उद्देश्य-पूर्ण और भविष्य-उन्मुखी मॉडल तैयार करेगा।

अनंत अंबानी ने कहा, ''संरक्षण का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम लोगों और संस्थानों को करुणा, ज्ञान और कौशल के साथ जीवों की सेवा करने के लिए कैसे तैयार करते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी की परिकल्पना उस व्यक्तिगत अनुभव से प्रेरित है, जब मैंने संकट में पड़े पशुओं को करीब से देखा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए अधिक क्षमता की आवश्यकता महसूस की। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भावना और 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः' अर्थात सभी दिशाओं से श्रेष्ठ विचार हमारे पास आएं, के आदर्शों से प्रेरित होकर यह विश्वविद्यालय हर जीवन की रक्षा के लिए समर्पित नई पीढ़ी तैयार करना चाहता है।''




इस विचार को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने के लिए आधारशिला स्थल के डिजाइन में दो बिजोलिया बलुआ पत्थरों को शामिल किया गया। ये पत्थर प्राचीन विंध्यन भू-विन्यास से लिए गए हैं, जो वर्तमान बिहार में स्थित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भौगोलिक संरचना से जुड़े माने जाते हैं। ये भारत की ज्ञान और शिक्षा की सतत परंपरा का प्रतीक हैं।

हिंदू परंपराओं के अनुसार आयोजित इस शिलान्यास समारोह में शिक्षा, विज्ञान, संरक्षण और सार्वजनिक जीवन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अनंत अंबानी के शिक्षक और मार्गदर्शक भी शामिल हुए। समारोह का एक मुख्य आकर्षण मिट्टी, जल और पत्थरों को विधि-विधान से स्थापित करने की रस्म थी, जिसे शिलान्यास के एक प्रतीकात्मक कार्य के रूप में संपन्न किया गया। ये तत्व पूरे भारत के जैव-विविधता से समृद्ध विभिन्न भू-भागों से एकत्रित किए गए थे। जिनमें घास के मैदान, वन, आर्द्रभूमि, शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र, तथा हिमालयी और देश के उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों में स्थित अन्य ऊँचाई वाले स्थान शामिल हैं। ये तत्व भारत की प्राकृतिक विविधता और विरासत को दर्शाते हैं।

वनतारा यूनिवर्सिटी एक ही शैक्षणिक ढांचे के भीतर विभिन्न विषयों को जोड़ेगी, जिसकी नींव वास्तविक संरक्षण कार्यों के अनुभव पर आधारित होगी। वनतारा के जमीनी अनुभवों को अकादमिक कार्यक्रमों, पेशेवर प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर पर उपयोगी शिक्षा ढांचे में बदला जाएगा। करुणा, विज्ञान और संरक्षण के समन्वय के माध्यम से यह संस्थान ऐसे पेशेवर तैयार करेगा जो वन्यजीव और पारिस्थितिकी से जुड़ी जटिल चुनौतियों का समाधान कर सकें।

यूनिवर्सिटी अलग-अलग सब्जेक्ट्स में अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, फेलोशिप और स्पेशलाइज़्ड प्रोग्राम ऑफर करेगी। इनमें वाइल्डलाइफ मेडिसिन और सर्जरी, न्यूट्रिशन, बिहेवियरल साइंसेज, जेनेटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, वन हेल्थ, कंज़र्वेशन पॉलिसी और नेचुरलिस्टिक एनिमल केयर एनवायरनमेंट डिज़ाइन शामिल हैं। वनतारा की कार्यक्षमता के अनुरूप विशेष कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे। साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाएंगी।

वनतारा यूनिवर्सिटी को एडवांस्ड एकेडमिक और क्लिनिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेशनल कोलेबोरेशन और एक रेजिडेंशियल कैंपस से सपोर्ट मिलेगा। यह पशु कल्याण और उन्नत संरक्षण पद्धतियों को मजबूत करने के लिए कार्य-आधारित शोध पर ध्यान केंद्रित करेगी। शिक्षा मॉडल में प्राकृतिक आवासों (इन-सिटू) और संरक्षित वातावरण (एक्स-सिटू) संरक्षण को जोड़ा जाएगा, ताकि वैज्ञानिक देखभाल और दीर्घकालिक वन्यजीव प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

यह मानते हुए कि संरक्षण का भविष्य केवल जंगलों में ही नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और मानव चेतना में भी तय होगा, विश्वविद्यालय वन्यजीव पशु चिकित्सा और संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। साथ ही यह वन्यजीव स्वास्थ्य, पशु देखभाल वातावरण और संरक्षण से जुड़े ज्ञान संसाधनों के विकास का दीर्घकालिक मंच बनेगा। शिलान्यास समारोह ने करुणा-आधारित संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने के व्यापक राष्ट्रीय प्रयास की शुरुआत भी दर्शाई। इस दौरान 'वनतारा यूनिवर्सिटी फाउंडिंग फेलोज' और 'एवरी लाइफ मैटर्स' छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की घोषणा की गई, साथ ही ज्ञान का उपयोग केवल प्रगति के लिए नहीं बल्कि संरक्षण के लिए करने का आह्वान किया गया।

अपने दृष्टिकोण के अनुसार वनतारा यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि इस विचार का प्रतिनिधित्व करती है कि वन्य जीवन को केवल सराहना ही नहीं, बल्कि ज्ञान, मजबूत प्रणालियों और प्रशिक्षित हाथों की भी आवश्यकता होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर पश्चिम रेलवे में कार्यरत राजीव श्रीवास्तव बने मध्य रेलवे (मुंबई) में महाप्रबंधक



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेशों के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के तीन अधिकारियों को लेवल-16 में नियुक्ति प्रदान की गई है। जानकारी के अनुसार रेल मंत्रालय से जारी आदेश के तहत उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में कार्यरत मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण राजीव श्रीवास्तव को मध्य रेलवे (मुंबई) में महाप्रबंधक पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर अनिल कुमार जैन को दक्षिण पूर्व रेलवे (कोलकाता) में महाप्रबंधक के पद पर नियुक्ति मिली है। इसके अलावा, उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख वित्त सलाहकार के पद पर कार्यरत गीतिका पांडे को रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य (योजना) के पद पर पदस्थ किया गया है।

### बसपा के दिग्गज नेता जगपाल सिंह ननौता बने सहारनपुर मंडल प्रभारी, मिशन 2027 के लिए कार्यकर्ताओं में भरा नया जोश

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को मजबूती देने के उद्देश्य से संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ननौता को सहारनपुर मंडल प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। जगपाल सिंह ननौता पार्टी के एक समर्पित और निष्ठावान पुराने सिपाही माने जाते हैं, जिन्होंने पूर्व में जिलाध्यक्ष रहते हुए न केवल संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया था, बल्कि कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनमें ऊर्जा का संचार भी किया था। राजनीतिक गलियारों में उनकी वापसी को उन 'स्वयंभू' नेताओं और गुटों के लिए एक कड़ा जवाब माना जा रहा है जिन्होंने निजी स्वार्थ के चलते उन्हें पद से हटवाया था, जिसके बाद जिले में पार्टी का ग्राफ काफी नीचे गिर गया था। अब उनकी इस नई नियुक्ति से न केवल सहारनपुर बल्कि पूरे मंडल के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि ननौता के नेतृत्व में संगठन एक बार फिर अपनी पुरानी ताकत हासिल करेगा और आगामी चुनावों में बसपा की मजबूती के लिए वह प्रभावी भूमिका निभाएंगे।



### हादसा, मधुमक्खियों के हमले में 9 वर्षीय छात्र की मौत, कई बच्चे घायल!

**चमकता राजस्थान/मनोज कुमार माली।** सोयत कला नगर में शुक्रवार को एक बेहद दुखद घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। एक निजी स्कूल परिसर में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में कक्षा चार में पढ़ने वाले 9 वर्षीय छात्र रमन, पिता सज्जन सिंह कराड़ा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मधुमक्खियों के हमले से घबराकर बच्चे इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान रमन पर मधुमक्खियों ने गंभीर रूप से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्कूल प्रशासन और स्थानीय लोगों ने घायल बच्चों को नजदीकी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं रमन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड़ रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इस हमले में आधा दर्जन से अधिक अन्य बच्चे भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दुखद घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

**अनेक राज्यों से शामिल हुए सदस्यों ने की विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा**

## राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की 9वीं बैठक दिल्ली में सम्पन्न

चमकता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की 9वीं बैठक राजधानी स्थित वाणिज्य भवन में आयोजित की गई। अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने की, जिसमें विभिन्न राज्यों के बोर्ड सदस्यों के साथ डीपीआईआईटी तथा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।कर्नाटक राज्य के सदस्य प्रकाश पिरगल ने जीएसटी के कानून को सरलीकरण करना और जीएसटी रिफंड में सुधार करने की बात कही। बैठक में व्यापार सुगमता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधारों पर चर्चा की गई। विशेष रुप से एफएसएसएआई लाइसेंसिंग एवं पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने तथा जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2026 के माध्यम से अनुपालन बोझ कम करने पर विचार किया गया। जन विश्वास विधेयक के तहत अनेक प्रावधानों को अपराध मुक्त बनाने और प्रक्रियाओं को सरल करने की दिशा में सरकार के प्रयासों की सराहना की गई। बैठक में उद्यम पंजीकरण, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा राजस्थान व्यापार संवर्धन नीति 2025 के अंतर्गत ई-कॉमर्स को बढ़ावा देने वाले प्रोत्साहनों पर भी चर्चा हुई। स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय और व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ''व्यापारी उद्यमी प्रशासन संवाद'' जैसे कार्यक्रमों को हर राज्य में आयोजित किया जाएगा। डिजिटल सशक्तिकरण के तहत छोटे व्यापारियों के लिए ओएनडीसी के ''डिजी दुकान'' प्लेटफॉर्म पर भी विचार-विमर्श किया गया, जिसका उद्देश्य व्यापारियों की डिजिटल क्षमताओं और बाजार तक पहुंच को बढ़ाना है। बैठक में सरकार की व्यापारी हितैषी नीतियों, सरलीकृत अनुपालन व्यवस्था, वित्तीय सहायता, डिजिटल सशक्तिकरण तथा हितधारकों के साथ सक्रिय संवाद की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापारियों के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में सरकार के प्रयासों की सराहना की गई।



### अनाज मण्डी मुनीम विकास समिति आलनपुर सवाई माधोपुर ने मुनीमों को लाइसेंस जारी करने एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग

चमकता राजस्थान

**राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** अनाज मंडी मुनीम विकास समिति' आपका ध्यान मंडी में कार्यरत मुनीमों की समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहती है। मंडी के सुचारू संचालन में मुनीमों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, फिर भी वे कई सरकारी लाभों से वंचित हैं।

**इस दौरान बताया कि मुनीम लाइसेंस:** मंडी में कार्यरत सभी पात्र मुनीमों को नियमानुसार मुनीम ला-इसेंस (अनुज्ञापत्र) जारी किए जाएं, ताकि उनकी पहचान और कार्य को आधिकारिक मान्यता मिल सके।

**किसान कलेवा योजना :-** वर्तमान में यह योजना किसानों और हमालों के लिए है। समिति का निवेदन है कि मुनीमों को भी इस योजना के तहत रियायती दर (5) पर पौष्टिक भोजन का लाभ दिलाने हेतु उचित कार्यवाही की जाए।

**महात्मा ज्योतिबा फुले मंडी श्रमिक कल्याण योजना:-** इस योजना के अंतर्गत मुनीमों को निम्नलिखित लाभ दिलाए जाएं (1) बालिका विवाह सहायता, मुनीमों की पुत्रियों के विवाह हेतु वित्तीय सहायता।

**बीमा और चिकित्सा सहायता:-** कार्य के दौरान दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में सहायता , प्रसूति सहायताः महिला मुनीमों को नियमानुसार लाभ आदि की मांग की।

### श्रीगंगानगर में दिशा (DISHA) बैठक आयोजित, जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा



**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर।** संजय बिश्नोईसांसद कुलदीप इंदौरा की अध्यक्षता में जिला परिषद परिसर, श्रीगंगानगर में दिशा (DISHA) समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रमुख दुलाराम मेघवाल, अनूपगढ़ से श्रीमती शिमला नायक, रायसिंहनगर पंचायत समिति की उपप्रधान श्रीमती संतोष बिश्नोई, अनूपगढ़ पंचायत समिति प्रधान सुरेंद्रपाल सिंह, श्रीमती राधा गोपाल डागला, हरबंस सिंह, काना राम साहरण सहित जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला परिषद और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति और जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान रायसिंहनगर पंचायत समिति की उपप्रधान श्रीमती संतोष बिश्नोई ने क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुखता से उठाए। उन्होंने रायसिंहनगर क्षेत्र में बिकने वाली देशी मदिरा की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाते हुए आमजन पर पड़ रहे आर्थिक भार की ओर ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम 6 एनजेडपीडी (आदर्श ग्राम पंचायत) की गंभीर समस्या बैठक के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि लगभग 4 मुरब्बों की आबादी वाले इस गांव में आज तक श्मशान घाट के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 40 वर्षों से ग्रामीण वन विभाग की भूमि का उपयोग अंतिम संस्कार (श्मशान) के लिए कर रहे हैं, लेकिन अब वन विभाग द्वारा उस भूमि की चारों ओर तारबंदी की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सुझाव दिया कि गांव से सटी राजस्व भूमि (राज रखवा) मोरबा नंबर 29, किला नंबर 25 में स्थित 13 बिस्वा भूमि को जनहित में श्मशान घाट हेतु आरक्षित किया जाए। उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। बैठक में अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और विकास से जुड़े मुद्दे रखे, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में सांसद कुलदीप इंदौरा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## विद्यार्थियों को साइबर दुर्व्यवहार के बारे में जागरूक किया विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर

चमकता राजस्थान

**छोटू नाथ पंवार परबतसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीडवाना के अध्यक्ष नाहरसिंह मीणा जिला एवं सेशन न्यायाधीश व सचिव महावीर सिंह चारण के निर्देशानुसार रामपाल, ए.सी.जे. एम. परबतसर ने स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल परबतसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी कैम्पेन "Transformative Tuesdays" Navigating Life Lega''y के तहत साइबर दुर्व्यवहार के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर रामपाल, ए.सी.जे.एम. परबतसर ने विद्यार्थियों को साइबर दुर्व्यवहार के सामान्य रूपों जैसे फर्जी एकाउण्ट बनाना, पहचान की नकल, क्लास ग्रुप में साइबर बुलिंग, बिना अनुमति के निजी फोटो शेयर करना, अपमानजनक




मीम, एडिटेड फोटो, धमकी भरे मैसेज, निजी चैट में गाली-गलौच, आनलाइन पीछा करना, निजी जानकारी मांगना, ब्लैक्मेल करना, दबाव बनाना के बारे में बताया तथा दिनेश मालाकार पैनल अधिवक्ता ने विद्यार्थियों को मोबाइल के दुष्परिणामों जैसे मोबाइल एकाग्रता व याददाश्त को कमजोर करता हैं, मोबाइल लत बना देता हैं, इससे पढाई व खेल में रूचि कम हो जाती हैं, गुस्सा व चिड़चिड़ापन बढ़ता हैं, रात में फोन चलाने से नींद की समस्या होती हैं, सोशल मीडिया पर तुलना करने से चिंता व डिप्रेशन बढ़ता हैं की जानकारी दी तथा संजय गुप्ता प्रधानाचार्य ने भी विद्यार्थियों को सोशल मीडिया, आनलाइन गेमिंग, बाल अश्लील सामग्री व आनलाइन यौन शोषण के खतरों व बच्चे आनलाइन से सुरक्षित कैसे रह सकते हैं, साइबर दुर्व्यवहार हो जाए तो बच्चे क्या करें, साइबर दुर्व्यवहार कानून के तहत दण्डनीय अपराध हैं तथा बच्चों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बर 1098, 112, 15100 व 1930 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर पैनल अधिवक्ता दिनेश मालाकार, छोटूराम गुर्जर, देवलाल, संजय गुप्ता, बल्लाराम, लक्ष्मणराम काला, गणेशराम डारा, विरेन्द्र डूकिया, प्रदीप शर्मा, श्रवण चोयल, नोरताराम डूडी, रामचन्द्र डूडी, राधेश्याम, हेमाराम, बुद्विप्रकाश, चूनाराम, नन्द किशोर, पन्नाराम, दिव्या व्यास, सरोज चौधरी, दीपा चौधरी, ममता यादव, संजय सिंह, पुष्पा, जीनत उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929